आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 92- ● जबलपुर ● बुधवार, 4 मई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास शुक्ल पक्ष-4 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

## एलआईसी का आईपीओ



### खुलने के कुछ ही देर में 16 लाख से ज्यादा शेयरों के लिए मिली बोली

**नई दिल्ली** विस्तार। देश के इतिहास का सबसे बड़ा एलआईसी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया है। अब नौ मई तक निवेशक इसके लिए बोली लगा सकते हैं। गौरतलब है कि ये आईपीओ नौ मई शाम पांच बजे तक खुला रहेगा। एलआईसी आईपीओ खुलने के साथ ही इसपर निवेशक टूट पड़े हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बोली प्रक्रिया शुरू होने के महज दस मिनट के भीतर ही 16 से ज्यादा शेयरों के लिए बोली मिल गई थी। एलआईसी आईपीओ को लेकर निवेशकों का उत्साह देखते ही बन रहा है।

## नरसिंहपुर में हौलनाक वारदात

# 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म हत्या कर भूसे में दबाया शव

**जबलपुर-नरसिंहपुर,यशभारत। नरसिंहपुर के नंदवारा गांव में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। 6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। जघन्य वारदात को घर में काम करने वाले नौकर ने अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण जांच में लिया है।**



नौकर निकला आरोपी

कोतवाली पुलिस ने बताया कि ग्राम नंदवारा में रहने वाले एक परिवार ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि परिवार के साथ उनकी 6 साल की बेटी पारिवारिक शादी में गई थी। देर रात जब वह घर लौटने लगे तो बेटी का कहीं पता नहीं चला। आसपास सभी जगह खोजबीन की गई पर बेटी का कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने परिवार की शिकायत पर अपहरण का प्रकरण दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरू की। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल की तो बच्ची के घर में काम करने वाला महाराजपुर देवरी निवासी 24 वर्षीय युवक ने जघन्य वारदात का आरोपी निकला। पुलिस ने आरोपी की खोजबीन कर उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल लिया। आरोपी की निशानदेही पर बच्ची का शव एक खेत में रखे गन्ने के भूसे से बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि खेत में हरवाहा का काम के लिए बच्ची के परिवार वाले युवक को महाराजपुर देवरी से युवक को लेकर आए थे। बच्ची के परिजनों को नौकर पर पूरा भरोसा था इसलिए बच्ची को कहीं पर लाना- ले जाना नौकर ही करता था। बीते दिनों रिश्तेदारी में एक शादी थी उसमें नौकर भी बच्ची के साथ गया था। काफी देर तक बच्ची नौकर के साथ खेलती रही , लेकिन अचानक नौकर और बच्ची दोनों गायब हो गए थे।

### मुंह दबाकर किया दुष्कर्म, रोने लगी तो कर दी हत्या

बताया जा रहा है कि आरोपी नौकर बच्ची को शादी समारोह से उठाकर एक खेत में ले गया जब वह बच्ची के साथ दुष्कर्म करने लगा तो उसने रोना शुरू कर दिया। बच्ची की आवाज बाहर न आए इसलिए नौकर ने उसका मुंह दबा दिया। दुष्कर्म के बाद बच्ची जब जोर-जोर से रोने लगी तो आरोपी ने उसका गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बच्ची के शव को भूसे में दबाकर वापस शादी वाले स्थान पर पहुंच गया। बच्ची के नहीं मिलने पर जब परिजनों ने उसे आसपास खोजना शुरू किया तो आरोपी भी उनके साथ बच्ची को खोज रहा था।

### सुबह घर से फरार हुआ नौकर

घटना को अंजाम देने के बाद नौकर सुबह बच्ची के घर से फरार हो गया। इस पर परिजनों को शक हुआ तो उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी दी।

## ट्विटर - यूजर्स को अब देना होगा चार्ज

**नई दिल्ली।** । हाल ही में ट्विटर को खरीदने के बाद दुनिया के सबसे अमीर शख्स में से एक एलन मस्क एक बार फिर अपने ट्वीट के कारण चर्चा में है। Twitter को खरीदने के बाद एलन मस्क कंपनी की रणनीति में बड़ा बदलाव करने वाले हैं और इसी संबंध में उन्होंने एक ट्वीट कर जानकारी शेयर की है। मस्क ने खुलासा किया है कि आने वाले दिनों में ट्विटर यूजर्स को चार्ज देना पड़ सकता है। खुद एलन मस्क ने ट्वीट कर यह बात कही है। साथ ही एलन मस्क ने कहा कि कैजुअल यूजर्स के लिए Twitter हमेशा फ्री ही रहेगा। Elon Musk ने अपने ट्वीट में कहा है कि, च्कैजुअल यूजर्स के लिए ट्विटर हमेशा फ्री रहेगा. लेकिन कमर्शियल और सरकारी यूजर्स को इसके लिए एक छोटी कीमत चुकानी पड़ सकती है।



**Twitter में होगा बहुत बदलाव** Twitter को खरीदने के बाद एलन मस्क कंपनी के मैनेजमेंट को पूरी तरह से बदलने पर विचार कर सकते हैं। खबर यह भी है कि एलन मस्क Twitter के मौजूदा CEO पराग अग्रवाल और पॉलिसी हेड विजया गड्डे को जल्द ही बाहर का रास्ता दिखा सकती है। Elon Musk कंपनी के मैनेजमेंट में कुछ बड़े बदलाव करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि कंपनी ने अभी इस बात की पुष्टि नहीं की है कि पराग अग्रवाल और विजया गड्डे को हटाया जाएगा।

**एलन मस्क ने 44 अरब डॉलर में खरीदा Twitter** गौरतलब है कि एलन मस्क लंबे समय से Twitter को खरीदने का प्रयास कर रहे थे। काफी संघर्ष के बाद 25 अप्रैल को एलोन मस्क और ट्विटर के बीच एक डील हुई और टेस्ला के CEO एलोन मस्क इस माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट Twitter को खरीदने में सफलता हासिल कर ली।

## हाइवे पर बेसहारा मवेशियों को ट्रक ने रौंदा

### आठ की मौत

राजगढ़, । नेशनल हाइवे 12 जयपुर-जबलपुर मार्ग पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। सड़क पर बैठे बेसहारा मवेशियों को एक तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। इस हादसे में 8 गाय-बछडों की मौके पर मौत हो गई, वहीं कुछ मवेशियों के घायल होने की सूचना है। घटना की जानकारी मिलने पर खिलचीपुर तहसीलदार मौके पर पहुंचे ।जानकारी के मुताबिक खिलचीपुर तहसील के जैतपुरा गांव के समीप हर दिन मवेशी हाइवे पर बैठ रहते हैं। ऐसे में बुधवार को सुबह के समय भी मवेशी बैठे हुए थे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक पहुंचा और हाइवे पर बैठे मवेशियों को रौंद दिया।



उफ् ये गर्मी

## 10 मिनट में सिक गए रेत में रखे पापड़

**बीकानेर ।** पश्चिमी राजस्थान के सभी जिले गर्मी और लू की चपेट में आ गए हैं। बीकानेर में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। कई किलोमीटर में फैले रेगिस्तान में शहरों की तुलना में ज्यादा गर्मी पड़ रही है। वहां तापमान रिकॉर्ड करने का कोई साधन नहीं है, लेकिन कई लोगों का अनुमान है कि यहां तापमान 50 डिग्री से ज्यादा हो सकता है। इसी बीच बीकानेर बीकानेर में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर जवानों ने गर्मी का प्रचंडता दिखाने के लिए अनूठा प्रयोग दिया। इसका उन्होंने वीडियो भी बनाया। वीडियो में दो जवान हाथ में 2-2 कच्चे पापड़ लिए नजर आते हैं। जवानों ने इन पापड़ को रेत में दबाया। 10 मिनट बाद मिट्टी हटाकर देखा तो पापड़ सिके हुए थे। जवानों ने एक पापड़ को तोड़कर भी दिखाया। इस वीडियो में एक जवान बोलता है कि वो आम जनता को बताना चाहते हैं कि सीमा पर सैनिक किन विषम परिस्थितियों से जूझते हुए देश सेवा के लिए जुटे रहते हैं। जवानों के लिए भी इस गर्मी में संसाधन जुटाने की अपील की गई है ताकि उन्हें भी गर्मी से बचाया जा सके। बीएसएफ डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि यहां हर बार इतनी गर्मी पड़ती है। हमारे जवानों के हौसले गर्मी से भी ज्यादा सख्त है।

## संक्षिप्त न्यूज

### भदोही में बेकाबू ट्रक ने पांच को रौंदा

**ज्ञानपुर ( भदोही )** । भदोही कोतवाली क्षेत्र के ज्ञानपुर में मंगलवार की रात हादसे के बाद भाग रहे ट्रक ने पुलिस लाइन के बाहर पांच लोगों को रौंद दिया। इसमें पुलिसकर्मी सहित दो की मौत हो गई, जबकि ट्रक चालक समेत चार लोग घायल हो गए। पुलिस लाइन के बाहर कुछ पुलिसकर्मी व अन्य लोग चाय-पान की दुकानों पर बैठे थे। इसी दौरान भदोही और देवनाथपुर में हादसे को अंजाम देकर भाग रहा बेकाबू ट्रक आ गया और उसने दीवान सहित पांच लोगों को रौंद दिया। पुलिस लाइन के सिपाहियों ने घायलों को ज्ञानपुर के महाराजा चेत सिंह जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहां सीओ ज्ञानपुर के कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मी मुकेश यादव (35) निवासी बरेसर जिला गाजीपुर व अशोक कुमार पांडे (52) निवासी छतमी गोपीगंज भदोही को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में ट्रक चालक के अलावा तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों में शिवकुमार पांडे, मनोज चौरसिया व अन्य शामिल हैं।

### एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में 4 डूबे

**कोटद्वार।** ईद की छुट्टी में कोटद्वार घूमने आए यूपी के बिजनौर जिले के नगीना के तीन युवकों समेत चार लोगों की खोह नदी में डूबने से मौत हो गई। आमसौड़-दुर्गादेवी के पास नदी से एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने शव को नदी से बाहर निकाला।मंगलवार दोपहर नगीना बिजनौर यूपी के आठ लोग ईद की छुट्टी मनाने के लिए कोटद्वार पहुंचे थे। वे नदी में नहाने के मकसद से दुगड्डा मार्ग पर आमसौड़ और दुर्गादेवी के बीच खोह नदी में पहुंच गए। शाम चार बजे के करीब चार लोग नदी में नहाने के लिए उतरे। तभी एक युवक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिए दूसरा साथी भी नदी में उतर गया। देखते ही देखते वह भी डूब गया। एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में चार लोग नदी में डूब गए।सूचना मिलते ही एसडी आरएफ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने युवकों को नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

## गैंगरेप पीड़िता पहुंची थाने, थाना प्रभारी ने किया दुष्कर्म

**ललितपुर।** ललितपुर में सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुई एक किशोरी के साथ पाली के थानाध्यक्ष ने थाना परिसर में बने अपने कमरे में दुष्कर्म किया। किशोरी को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। बताया जा रहा है कि एसओ के कहने पर किशोरी की मौसी ही उसे थाने में लेकर पहुंची थी। चाइल्ड लाइन में काउंसलिंग के बाद घटना का खुलासा हुआ। एसपी ने थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। एसओ और चार अन्य युवकों पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया गया है। डीआईजी जोगेंद्र सिंह देर शाम थाने पहुंचे और मामले की पड़ताल की।



थाना पाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी किशोरी के परिजनों ने बताया कि 22 अप्रैल को पाली निवासी चंदन, राजभान, हरिशंकर और महेंद्र चौरसिया उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भोपाल ले गए थे। वहां पर उसे स्टेशन के पास गलियों में छिपाकर रखा गया। आरोप है कि चारों उससे दुष्कर्म करते रहे।वहीं किशोरी की मां अपनी बेटी के लापता होने का मुकदमा दर्ज कराने के लिए 23 अप्रैल को पुलिस कप्तान के पास पहुंची। एसपी ने थाना पुलिस को निर्देश दिए कि तत्काल किशोरी को बरामद किया जाए। पुलिस हरकत में आई तो आरोपी युवक किशोरी को उसकी मौसी के साथ लेकर 26 अप्रैल को थाना पाली पहुंचे और कहा कि किशोरी गायब नहीं हुई थी बल्कि वह भटक गई थी। आरोप है कि थाना इंचार्ज तिलकधारी सरोज ने 27 अप्रैल को दिन में किशोरी के बयान दर्ज किए और फिर शाम को उसे थाना परिसर में बने अपने कमरे में ले गया और वहां दुष्कर्म किया। इसके बाद थाना इंचार्ज ने मौसी को बुलाकर किशोरी को उसकी सुपुर्दगी में सौंप दिया।

## फूड पायजनिंग की आशंका

### उज्जैन के आश्रम में दो लोगों की मौत, चार बीमार

**उज्जैन** । भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अंबोदिया स्थित सेवाधाम आश्रम में रहने वाले छह लोग मंगलवार सुबह अचानक बीमार हो गए। इन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। यहां डाक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया, जबकि चार को भर्ती किया गया है। डाक्टरों ने फूड पाइजनिंग की आशंका जताई है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस ने बताया कि अंबोदिया स्थित सेवाधाम आश्रम के निश्शक्त वार्ड में 120 लोग रहते हैं। इनकी हालत ऐसी है कि वे बिस्तर से भी नहीं उठ सकते हैं। मंगलवार सुबह नित्यकर्म के बाद मूक-बधिर व मानसिक बीमार 23 वर्षीय अमर, 26 वर्षीय लोकेश, 30 वर्षीय आशु शर्मा, 45 वर्षीय प्रवीण, 59 वर्षीय मनोज, 21 वर्षीय विश्वनाथ की तबीयत अचानक खराब हो गई। जिला अस्पताल ले जाने पर अमर व लोकेश को मृत घोषित कर दिया गया इधर सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने ताबड़तोड़ डाक्टरों की एक टीम आश्रम पहुंचाई थी। यहां जांच की गई।



## मर्डर केस के सुबूत ले भागा बंदर...

### एविडेंस मांगने पर कोर्ट में जयपुर पुलिस का जवाब

**,जयपुर।** पुलिस ने मर्डर के आरोपी को गिरफ्तार किया, सुबूत जुटाए। जब कोर्ट में सुबूत पेश करने की बारी आई तो पुलिस ने जो तर्क दिया उसे सुनकर आप भी चौंक जाएंगे। पुलिस ने कोर्ट में कहाकि मर्डर के सुबूत बंदर ने चुरा लिया। बताया जाता है कि इन सुबूतों में वह चाकू भी शामिल था, जिससे मर्डर को अंजाम दिया गया था।

2016 में हुई हत्या का था सुबूत

यह मामला है राजस्थान के जयपुर की निचली अदालत का है। पुलिस के मुताबिक मामला सितंबर 2016 का है। एक अंग्रेजी दैनिक के मुताबिक उस वक्त चांदवाजी पुलिस थाने के अंर्तगत आने वाले एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शशिकांत शर्मा के व्यक्ति की मौत हो गई थी। शव मिलने के बाद मृतक के परिचितों और रिश्तेदारों ने मामले की तीव्र जांच की मांग करते हुए जयपुर-दिल्ली हाईवे जाम कर दिया था। पांच दिन बाद इस मामले में पुलिस ने चांदवाजी के रहने वाले राहुल कंदेरा और मोहनलाल कंदेरा को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इन दोनों को हत्या के आरोप में अतिरिक्त जिला जज की कोर्ट में पेश किया गया था।

#### मालखाने में जगह का अभाव

बताया जाता है कि इस मामले से जुड़े सभी सुबूत पुलिस एक बैग में रखकर कोर्ट ले जाती थी। बैग में हत्या में इस्तेमाल चाकू के साथ-साथ 15 अन्य अहम सुबूत भी रखे हुए थे। बताया जाता है कि मालखाना में जगह न होने के चलते सुबूतों से भरा बैग एक पेड़ के नीचे रखा हुआ था। हाल ही में कोर्ट ने मामले में सुबूत पेश करने को कहा तो पुलिस ने बैग के बंदर द्वारा चोरी करने की बात की। पुलिस ने यह बात कोर्ट में लिखित रूप में दी है।

## चित्रकूट : बारात में चली गोलियां

### 2 की मौत और दो घायल

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में बीती रात एक शादी समारोह में भारी बवाल हो गया। मामला राजापुर थाना क्षेत्र का है, जहां बरात में हर्ष फायरिंग के दौरान चार लोगों को गोली लग गई। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, रैपुरा थाना क्षेत्र के इटावा महुलिया गांव से छीबों थइया यादव पुत्र अवसरी के घर बरात आई थी। देर रात्रि जयमाला के समय राम लखन और रामकरण यादव हर्ष फायरिंग करने लगे। गोलियों की गड़गड़ाहट से पूरा गांव सहम गया। वहां स्थित ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 15 मिनट तक धुआंधार हर्ष फायरिंग होती रही। इसके बाद में प्रतिस्पर्धा के चलते राम लखन और रामकरण ने एक दूसरे को गोली मार दी। राजापुर थाना प्रभारी अवधेश मिश्रा ने बताया कि यह घटना छैबो गांव में हर्ष फायरिंग के दौरान की है।

## मनसे ने मुंबई समेत कई शहरों में मस्जिद के पास लाउड स्पीकरों पर बजाया हनुमान चालीसा

# नहीं झुके राज ठाकरे

**मुंबई ।महाराष्ट्र में लाउड स्पीकर विवाद तूल पकड़ता जा रहा है।महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने आज सुबह मुंबई के चारकोप क्षेत्र समेत राज्य के कई शहरों में अजान के वक्त लाउड स्पीकर पर हनुमान चालीसा बजाई।**



मुंबई में मस्जिद से अजान के वक्त उसके पास लाउड स्पीकर पर हनुमान चालीसा बजाने का वीडियो वायरल हो रहा है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने इसका आह्वान किया है। मनसे ने महाराष्ट्र में मस्जिदों से लाउड स्पीकरों पर अजान पर पाबंदी की मांग को लेकर 4 मई से आंदोलन छेड़ने का आह्वान किया है। उधर, महाराष्ट्र सरकार ने इस आंदोलन से तनाव न फैले इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। इस बीच बुधवार सुबह मुंबई व नासिक समेत कई शहरों में अजान के वक्त हनुमान चालीसा बजाई गई। मुंबई का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक हाईराइज भवन से अजान के वक्त एक मनसे कार्यकर्ता हाथ में पार्टी का झंडा लहराते दिखा व लाउड स्पीकर पर अजान से दोगुनी आवाज में हनुमान चालीसा का पाठ सुना गया। नासिक में भी नमाज के दौरान हनुमान चालीसा बजाई गई। इस मामले में सात महिला कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। बांद्रा, भिवंडी और नागपुर में भी अजान के दौरान हनुमान चालीसा बजाने की सूचना है।

## राणा दंपति को कोर्ट से राहत



**मुंबई।** 23 अप्रैल से राजद्रोह के आरोप में भायखाला जेल की सलाखों के पीछे कैद अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को मुंबई सेशन कोर्ट ने जमानत दे दी है। 30 अप्रैल को ही अदालत ने इस मामले में 2 मई तक के लिए अपना जजमेंट रिजर्व कर लिया था ।सोमवार को समय ज्यादा हो जाने के कारण मुंबई की सिविल एंड सेशंस कोर्ट के शेष न्यायाधीश आर. एन. रोकाडे अपना ऑर्डर पूरा नहीं लिखवा सके थे। इससे पहले नवनीत राणा को मुंबई के जे.जे हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया था। उनके पीठ में देर रात अचानक दर्द बढ़ गया था, जिसके बाद उन्हें यहां सीटी स्कैन के लिए लाया गया है। राणा दंपती पर धारा 15 ए, 353 के साथ बॉम्बे पुलिस एक्ट की धारा 135 के तहत एफआईआरदर्ज है। इसके अलावा राणा दंपती पर 124 ए, यानी राजद्रोह की भी केस दर्ज है। दोनों की गिरफ्तारी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा पढ़ने के आवाहन के बाद हुई थी। बॉम्बे हाईकोर्ट उन पर दर्ज एक केस को खारिज करने से मना कर चुका है। हालांकि, राणा दंपती 6 मई तक न्यायिक हिरासत में हैं और आज अगर उनकी जमानत अर्जी खारिज होती है तो उनके पास हाईकोर्ट जाने का विकल्प रहेगा।







## श्री मज्जिनेन्द्र आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव व विश्वशांति महायज्ञ

# सुबह से ही उमड़ा आस्था का सैलाब मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक अनुष्ठान

## घर घर उत्सव मनायें ...मुनि पुंगव सुधासागर

**जबलपुर।** राष्ट्रसंत आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के आशीवाद से श्री दिगम्बर जैन शासनोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र, हनुमानताल के तत्वावधान में शहीद स्मारक, गोलबाजार में मंगलवार से श्री मज्जिनेन्द्र आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव व विश्वशांति महायज्ञ के दूसरे दिन आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के विशेष कृपापात्र शिष्य निर्यापक श्रवण मुनि पुंगव सुधासागर महाराज, मुनि पूज्य सागर महाराज, ऐलक धैर्य सागर महाराज व छुल्लक गंभीर सागर महाराज के सानिध्य में व ब्रह्माचारी अनवरत प्रदीप भैया के मार्गदर्शन में तड़के से ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए थे। श्री पंचकल्याणक महोत्सव में अपने प्रवचन में मुनि सुधासागर जी महाराज ने कहा कि जिस तरहहम मेहमान के आने पर घर की तैयारियां करते हैं घर को सजाते हैं अच्छे कपड़े पहनते हैं खुशी का माहौल रखते हैं उसी तरह हमारे शहर में एक साथ 24 भगवान आ रहे हैं तो हमारे पूरे शहर को उत्सव मनाना चाहिए। हर घर में उत्सव का माहौल हो, सजावट हो, दीप जलाए जाए और खुशियां मनाई जाए क्योंकि एक साथ 24 भगवान अवतरित होने वाले हैं। हमें चिही लिखकर अपने रिश्तेदारों और परिचितों को भी इस महान अवसर पर आमंत्रित करना चाहिए, यह ऐतिहासिक उत्सव वर्षों बाद आता है जो इस अवसर का धर्म लाभ लेने से चूक गए उनका भगवान ही मालिक है। मुनि सुधासागर जी ने कहा कि जो लोग बीमार हैं या जो बिना श्रम किए भोजन नहीं कर सकते इसलिए यहां नहीं आ सकते उनके बदले का पुण्य में लेकर उनको दे दूंगा लेकिन बाकी सभी पुण्य आत्माओं को इस पुण्य का लाभ लेने अवश्य होना चाहिए।

### सुबह हुए मंगलाष्टक, दिग्बंधन, अभिषेक,

अध्यक्ष कैलाश चंद्र जैन, राजेंद्र कुमार मम्मा, सुनील मंगलाहट, अनिल जैन गुड्डा, सुनील जैन भाऊ, आशीष जैन, अमित पडरिया ने बताया कि आज गर्भ कल्याणक (उत्तरार्द्ध) में सुबह 5 बजे-मंगलाष्टक, दिग्बंधन, रक्षामंत्र, शांतिमित्र, अभिषेक, शांतिधारा, गर्भकल्याणक पूजन, हवन शांति में हुए। मुनि संघ का मंगल प्रवचन के उपरांत महिला संगीत और माता की गोद भराई हुई। अमित पड़रिया,सुजीत जैन भाऊ, मनोज जैन आशीष जैन, ने बताया कि दोपहर 2.30 बजे-मंगलघट यात्रा, वेदी शिखर, संस्कार आदि कार्यक्रम होंगे। शाम 6 बजे-आचार्य भक्ति, जिज्ञासा समाधान, राज्य व्यवस्था, माता मरुदेवी का आगमन, 16 स्वप्न का फलादेश, गीत नृत्य, छप्पन कुमारियों द्वारा भेंट समर्पण, सेवा, नृत्य आदि। सुबह से ही बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी उमड़ पड़े थे।

### 5 मई को जन्म कल्याणक में

सुबह 6 बजे-शांतिधारा पूजनख सुबह 7.38 बजे-तीर्थंकर बाल का जन्म, अयोध्या नगरी में बधाईयां, भक्ति नृत्य। सुबह 8 बजे-मुनिश्री का मंगल प्रवचन। सुबह 8.30 बजे-सौधर्म इंद्र द्वारा अयोध्या नकदी का तीन परिक्रमा, अयोध्या में प्रवेश, राजदरबार में सौधर्म-शचि का मंगल प्रवेश और अलौकिक दृश्य। सुबह 9 बजे-ऐरावत हाथी पर आरुढ़ होकर सौधर्म-शचि द्वारा सुदर्शन नामक पालकी में तीर्थंकर बाल का पांडुक वन की ओर प्रस्थान, पांडुक शिला पर 1008 कलशों द्वारा तीर्थंकर बालक का अभिषेक, श्रृंगार आदि। दोपहर 1 बजे-पिच्छिका परिवर्तन समारोह। शाम 6 बजे-सामूहिक आरती व आचार्य भक्ति। रात 8 बजे-सौधर्म इंद्र द्वारा तांडव नृत्य, बालक आदिकुमार का पालना झुलाना व बाल क्रीड़ा का मनोहारी दृश्य।6 मई को तप कल्याणक में सुबह 6.15 बजे-अभिषेक, शांतिधारा, जन्मकल्याणक पूजन, हवन। सुबह 8.30 बजे-मुनि संघ का प्रवचन। दोपहर 12 बजे-मंगलष्टक, दिग्बंधन, रक्षामंत्र, शांतिमंत्र, महाराजा अभिनय दरबार, आदि कुमार वैराग्य आदि।

### शाम 6 बजे-सामूहिक आरती। रात 7.30 बजे-सांस्कृतिक कार्यक्रम।

7 मई को ज्ञान कल्याणक- सुबह 6 सुबह 6.15 बजे-अभिषेक, शांतिधारा, तप कल्याणक पूजन, हवन। सुबह 8.30 बजे-मुनि संघ का प्रवचन। दोपहर 12 बजे-मंगलाष्टक, दिग्बंधन, रक्षामंत्र, शांतिमंत्र, कल्याणक की आंतरिक क्रियाएं आदि। शाम 6 बजे-सामूहिक आरती। रात 7.30 बजे-सांस्कृतिक कार्यक्रम

### 8 मई को मोक्ष कल्याणक

सुबह 4.30 बजे-मंगलाष्टक, दिग्बंधन, रक्षामंत्र, अभिषेक, शांतिधारा पूजन। सुबह 6.30 बजे-भगवान आदिनाथ को कैलाश पर्वत से निर्वाण प्राप्ति। सुबह 7 बजे-मुनिश्री का मांगलिक प्रवचन। सुबह 7.30 बजे-नगररथोत्सव प्रारंभ, शहीद स्मारक गोलबाजार सेशानोदय तीर्थ हनुमानताल नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिनबिम्ब स्थापना, शिरोपरि, कलशारोहण, ध्वजारोहण आदि संस्कार। सुबह 8 बजे-सिरगुणारोपन विधि, सिद्ध पूजन, मोक्षकल्याणक पूजन, विश्वशांति महायज्ञ, छत्र चंवर, भामंडल स्थापन। शाम 6 बजे-सामूहिक आरती। सायं छह बजे आचार्य भक्ति, जिज्ञासा समाधान, सामूहिक आरती होगी। साढ़े सात बजे से गर्भ कल्याणक, पूर्ण रूप, सौधर्म इन्द्र सभा, तत्वचर्चा सौधर्म इन्द्र का आसन कम्पायमान होना अवधिज्ञान से ज्ञात करना, धनपति कुबेर का आगमन, रत्नों वृष्टि, स्वर्ग से सुन्दर अयोध्या नगरी की रचना, सोलह स्वप्न दर्शन, गीत-नृत्श् अष्टदेवियों द्वारा माता की सेवा के उपरांत तत्वचर्चा भेंट समर्पण के विधान होंगे।

## विशाल दत्त बने भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान , प्रदेश अध्यक्ष वी. डी. शर्मा जी, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा , प्रदेश महामंत्री शतेन्दु तिवारी , प्रदेश संयोजक विकास बोन्द्रिया , सांसद राकेश सिंह नगर अध्यक्ष जी. एस. ठाकुर की अनुशंसा पर विशाल दत्त को भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ जबलपुर संभाग से सह संयोजक नियुक्त किया गया।

## यशराज शर्मा भाजयुमो के नगर उपाध्यक्ष



जुझारू कार्यकर्ता यशराज शर्मा को भारतीय जनता युवा मोर्चा का नगर उपाध्यक्ष बनाए जाने पर वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई दी। गढ़ा क्षेत्र में उनकी नियुक्ति से हर्ष व्याप्त है।

## तारे जमी के कला आकाश की

**जबलपुर।** मैं हूँ तलवार वाली रानी, तू चीज बड़ी मस्त-मस्त जैसे गानों पर थिरकते बच्चे व गाते हुये समूहों में बच्चें ने दादा-दादी, नाना नानी का दिल जीत लिये उनमें प्रस्तुतीकरण से उपस्थिजन अपने आपको तालियों बजाने से नहीं रोक सके। अवसर था साउथ एवेन्यू मॉल में सेम सीनियर सिटीजन क्लब द्वारा नाती-पातों के सांस्कृतिक संध्या बच्चों की सतरंगी दुनिया जिसमें लगभग 16 बच्चे अपने नाना-नानियों के साथ आये थे। सभी की प्रस्तुतियों ने सबका दिल जीत लिया। संचालन बच्चन श्रीवास्तव ने किया। सभी प्रतियोगी बच्चों को आकर्षण प्रमाण-पत्र, रंगीन पेंसिल का बाक्स देकर जादूगर एस. के. निगम ने पुरस्कृत कल्याण किया। सीनियर सिटीजन ने जाने अपने अधिकार सामाजिक क्लब विभाग की ओर से श्रीमति जमुना शुक्ला ने वृद्धजनों के अधिकारों व सुविचारों का विस्तृत जानकारी प्रदान की। आभार प्रदर्शन डी. एस. दुग्गल ने किया।




# उद्घोषणा की तैयारी हमेशा जारी रखना होती है:विनय

### संवाद की कला पर विवेचना की दो दिनी कार्यशाला संपन्न

**जबलपुर।** विवेचना संस्था द्वारा आयोजित दो दिवसीय उद्घोषणा पर केन्द्रित 'संवाद की कला' कार्यशाला में दूसरे दिन भोपाल से पधारे साहित्य संस्कृति व शासकीय अशासकीय आयोजनों के लोकप्रिय उद्घोषक विनय उपाध्याय ने प्रतिभागियों को अच्छे उद्घोषक बनने के लिए जरूरी गुणों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि उद्घोषक को आयोजन की पूरी जानकारी होना चाहिए और उसे आयोजक से मिलकर पल प्रतिपल की जानकारी लेने के बाद आयोजन के प्रयोजन अतिथियों के बारे में पूरी जानकारी और उद्घोषणा कक्ष या स्थल के बारे में जान लेना चाहिए। उपयोग होने वाले माइक और पूरे साउंड सिस्टम की जानकारी होना चाहिए। साथ ही उसे आयोजन के शहर उसके इतिहास उसकी प्रमुख हस्तियों के बारे में जानकारी होना चाहिए। उन्होंने आयोजन में आकस्मिक दुर्घटनाओं और व्यवधानों की चर्चा की और कहा कि इनसे निपटने के लिए की तैयारी होना चाहिए। पूरा कार्यक्रम लिखित रूप में ही नहीं वरन् दिमाग में भी बैठा होना चाहिए। उन्होंने साहित्यिक आयोजनों और संगीत के आयोजनों के लिए होने वाली अलग अलग तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जब भी आप कोई अच्छी कविता कोटेशन शेर लोककथा पढें तो उसे लिख लें और समय समय पर उसे पलटाते रहें। उद्घोषणा में इनका बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि साहित्य का अच्छा अध्ययन करें। इससे ज्ञान और शब्द शक्ति बढ़ती है। साहित्य हमें आत्मविश्वास देता है। संगीत और गायन की बारीक जानकारी उद्घोषक को हासिल करना चाहिए। उद्घोषणा की तैयारी हमेशा चलती रहना चाहिए।समापन सत्र में उद्घोषक यूनुस खान ने प्रतिभागियों से अपील की कार्यशाला में बताई बातों का हमेशा अभ्यास जारी रखें। राजीव कुमार शुक्ल ने अभ्यास प्रस्तुतियों की समीक्षा की। वरिष्ठ साहित्यकार और उद्घोषिका साधना उपाध्याय ने विभिन्न उत्सवों और गणतंत्र दिवस आदि के आयोजन की खास बातों को बताया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये। प्रतिभागियों ने विवेचना और यूनुस खान ममता सिंह राजीव कुमार शुक्ल और मुरलीधर नागराज का कार्यशाला आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। सुरपराग और रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर के सहयोग से आयोजित विवेचना की इस कार्यशाला में 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें आधी महिलाएं थीं। संचालन हिमांशु राय ने किया। आभार प्रदर्शन बांकेबिहारी ब्यौहार ने किया।

## मिट्टी बचाओ अभियान

# 100 वर्ष पहले जो पोषक तत्व हमें 1 संतरे में मिल जाते थे वो आज 8 संतरों में मिल पाते हैं

जबलपुर । मिट्टी बचाओ अभियान के अंतर्गत ईशा फाउंडेशन, जबलपुर के वॉलंटियर्स द्वारा शहर के आर्मी स्कूल, सदर में छात्र-छात्राओं को एवं नर्मदा तट ग्वारीघाट पर नर्मदा भक्तो एवं दर्शनार्थियों को जागरूक किया। वॉलिंटियर्स ने प्रातः आर्मी पब्लिक स्कूल, कैंट, जबलपुर में जाकर स्कूल के स्टाफ एवं विद्यार्थियों से मिट्टी के महत्व को लेकर विभिन्न गतिविधियां करते हुए चर्चा की एवं यह भी बताया कि हमारी मिट्टी क्यों खतरे में है? और हम इसे बचाने के लिए क्या कर सकते हैं? ऐसे ही सायंकाल नर्मदा तट ग्वारीघाट पर पहुंचकर नर्मदा आरती से पहले व बाद में आरती में शामिल हुए भक्तो से चर्चा में मिट्टी को बचाने के लिए चलाये जा रहे इस वैश्विक



अभियान के अंतर्गत समझाया गया कि कैसे भारत की कृषि योग्य मिट्टी बंजर होते हुए धीरे-धीरे रेत में परिवर्तित होती जा रही है एवं बताया गया कि मिट्टी से जैविक पदार्थ निकाल देने पर वह रेत बन जाती है, और यदि रेत में जैविक पदार्थ मिला दें तो वह मिट्टी बन जाती है, भारत सरकार के अनुसार भारत की 62 प्रतिशत खेती योग्य मिट्टी में केवल 0.5 प्रतिशत जैविक कंटेंट (पदार्थ) बचा है जो कि 3-6 प्रतिशत होना चाहिए। यदि हमने अभी कुछ नहीं किया तो संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनिया में अगले 60 सालों में मिट्टी का पूरा जैविक पदार्थ खत्म हो जाएगा और मिट्टी रेत में बदलने लगेगी,
सर्वे के मुताबिक दुनिया में प्रति सेकंड 1 एकड़ मिट्टी रेत में बदल रही है। इसी तरह मिट्टी की क्षमता/दक्षता में इतनी कमी हो गई है की 100 वर्ष पहले आज के 8 संतरो के बराबर 1 संतरे में प्रोटीन/विटामिन की मात्रा मिलती थी । नर्मदा तट ग्वारीघाट में उपस्थित सभी नागरिकों एवं आर्मी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मिट्टी के महत्व एवं उसके बचाव की आवश्यकता को देखते हुए मिट्टी बचाओ अभियान को अपना बढ़-चढ़कर समर्थन दिया एवं अपने परिजनों, मित्रो व समाज मे जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# सनातन धर्म ही संस्कृति का ध्वजवाहक



**जबलपुर।** संपूर्ण ब्राह्मण मंच के तत्वावधान में भगवान परशुराम धाम ग्वारीघाट भगवान परशुराम के प्राक्ट्योत्सव पर अभिषेक पूजन हवन , कन्या पूजन किया गया। नर्मदा परिक्रमा वासियों को बेल फल सत्तू वस्त्र प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर धर्म संस्कृति के रक्षक जगतगुरु राघव देवाचार्य ने बताया सनातन धर्म ही संस्कृति का ध्वजवाहक है समरसता का भाव वासुदेव कुटुंबकम को रेखांकित करता है। इस मौके पर उपस्थित भाजपा नेता अभिलाष पांडे , विधायक विनय सक्सेना अमरीश मिश्रा राममूर्ति मिश्रा का स्वागत मंच के प्रवक्ता पंडित धनंजय बाजपेई द्वारा किया गया सुंदरकांड का पाठ सुधाकर मिश्र रावेन्द्र तिवारी डॉक्टर अरुण मिश्रा यदुवंश मिश्रा ।द्वारा किया गया। प्रसाद वितरण अनिल दुबे चंद्रशेखर शर्मा माधव पांडे, शशांक वर्मन, अंकित कुबेर, महावीर कोरी द्वारा किया गया महिला शक्ति के द्वारा भगवान परशुराम चालीसा का गायन किया गया जिसमें श्रीमती मीरा दुबे ,सुनीता गिरीश पांडे ,पुष्पा तिवारी मधुबाला दुबे आभा तिवारी केके दुबे द्वारा शामिल रहीं।

### तपोस्थली मटामर में विश्व प्रसिद्ध श्री परशुराम प्रतिमा का हुआ महाभिषेक

जबलपुर। भगवान परशुराम जी की प्राचीन तपोस्थली श्री परशुराम धाम मटामर के पर्वत शिखर पर स्थित 31 फुट ऊंची विश्व प्रसिद्ध भगवान परशुराम प्रतिमा का पूजन अर्चन, महाभिषेक, महा आरती व भंडारा आयोजित किया गया। इसके साथ ही परशुराम कुंड स्थित अति प्राचीन मंदिर में विराजमान भगवान परशुराम जी का भी पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर परशुराम धाम विकास समिति के अध्यक्ष डॉ .एच .पी. तिवारी , सचिव सचिन मिश्रा,डॉ.श्रद्धा तिवारी,श्रुतिकीर्ति मिश्रा, एड.राजेंद्र मिश्रा,महंत महाराज,दिनेश दुबे, संतोष चौबे, आर पी पांडे,धर्मेंद्र मिश्रा,प्रभात तिवारी,कपिल मिश्रा,नीतू दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। परशुराम प्राकट्योत्सव के अंतर्गत अखंड रामायण ,श्री विष्णु सहस्त्र नाम स्त्रोत के 108 पाठ, परशुराम चालीसा पाठ,पूजन अर्चन,महाभिषेक तथा महा आरती की गई । समिति के अध्यक्ष डॉ एच पी तिवारी ने बताया कि दो वर्षीय कोरोना कालीन विराम के बाद आज सुबह 6 बजे से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

# बेटा -बेटी संस्कारवान होंगे तो समाज ऊर्जावान होगा

जबलपुर ।अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल के द्वारा बेटा बेटी होंगे संस्कारित अभियान के तहत महिला मोर्चा जबलपुर से कार्यकारी जिलाध्यक्ष व संस्कार अभियान प्रभारी आनंदिता ठाकुर(कंचन) ने ग्वालियर प्रवास पर महिला मोर्चा के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहां की जिस समाज में बेटा बेटियों को समान नजर से देखा जाता है और उनको बचपन से ही माता-पिता संस्कारवान बनाते हैं तो उन्हें अपने जीवन में किसी भी मंजिल को पाने के लिए देर नहीं लगती। ,जितना बच्चे संस्कारित होते हैं परिवार का और समाज सहित राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करते हैं ।इसके लिए पूरा श्रेय



माताओं और बहनों को दिया जाना चाहिए। क्योंकि शास्त्रों में भी मां को प्रथम पाठशाला कहा गया है जो कि यह पाठशाला संस्कारों से ओतप्रोत होती है। इस अवसर पर ग्वालियर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नेहा शर्मा ने कहा के हमारा संगठन विगत कई वर्षों से संस्कारों को लेकर कार्य कर रहा है ।यह अभियान शुरू होने से कार्यकर्ताओं में उत्साह वर्धन हो रहा है हम लोग घर घर जाकर इस अभियान को प्रथम पंक्ति से अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे ।इस अवसर आनंदिता ठाकुर का स्वागत इंजीनियर विजय शर्मा जिला अध्यक्ष ग्वालियर गौरव तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वासुदेव मिश्रा आदि ने किया ।

## नगर निगम परेशानी में, आवारा जानवरों को पकड़ने के बाद छोड़ रहा

# 4 कांजी हाउस, 3 ही चालू



**जबलपुर यशभारत।** रांझी-घमापुर स्मार्ट रोड सहित शहर की भीड़-भाड़ वाली व्यस्ततम सड़कों पर एक बार फिर बेसहारा और पालतू मवेशी धमाचौकड़ी मचाने लगे हैं। शहर में तकरीबन चार हजार मवेशी अब भी खुला घूम रहे हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत सर्वेक्षण टीम के आने के पहले नगर निगम ने सड़क में विचरण कर रहे मवेशियों को पकड़-पकड़ कर कांजी हाउस पहुंचाया था। कांजी हाउस फुल हो जाने पर अधिकांश को आस-पास खुले क्षेत्रों में छुड़वाया गया था। सर्वे के दौरान शहर में मवेशियों की संख्या कम हो गई थी। लेकिन अब एक बार फिर शहर की स्मार्ट रोड सहित प्रमुख मार्गो गली-मोहल्ला, कालोनियों में बेसहारा व पालतू मवेशी इधर, उधर विचरण करते नजर आने लगे हैं। नगर निगम भी स्वच्छ सर्वे पूरा हो जाने के बाद इन मवेशियों को पकड़ने में रुचि नहीं ले रहा है। जबकि खुले में घूम रहे गाय, बैल, सांड के कारण राहगीरों की आफत हो रही है। सड़क, चौराहे पर जुगाली करते बैठे मवेशियों का झुंड यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न कर रहा है। गंदगी भी कर रहे हैं। लेकिन नगर निगम का हांका गैंग अब इन्हें नहीं पकड़ रहा। न ही खुला छोड़ने वाले मवेशी पालकों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। जबकि शहर में ऐसे कई पशु पालक है जो शहर के भीतर डेयरियां संचालित कर रहे हैं और मवेशियों को खुला छोड़ रहे हैं। गत वर्ष सड़क पर घूमते मवेशियों के कारण चार हृदयविदारक हादसे भी हो चुके हैं। फिर भी नगर निगम नहीं चेत रहा है।

### मुख्यमंत्री भी मवेशियों को लेकर गंभीर

मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर गंभीर है। गत दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया था कि सार्वजनिक जगह पर मवेशियों को खुला छो?ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक हजार रुपये जुर्माना लगाने वसूला जाए। बावजूद इसके नगर निगम के अधिकारी इस पर अमल नहीं कर रहे हैं।

### भीड़ में घुसकर मचाते है कोहराम

- वर्तमान में एक बार फिर शहर की सड़कों पर मवेशीयों की संख्या बढ़ रही है। रांझी-घमापुर स्मार्ट रोड में बेसहारा व पालतु मवेशी बीच सड़क घूमते हुए यातायात व्यवस्था ठप कर रहे है। बीच डिवाइडर में बैठकर लगाए गए पौधों को अपनी खुराक बना रहे हैं।
- शहर के व्यस्ततम चैराहे नौदराब्रिज, मालवीय चौक, रसल चैक, कांचघर चैक, बलदेवबाग, लार्डगंज, लटकारी का पड़ाव के अलावा हर गली-मोहल्लों की सड़कों पर मवेशियों का झुंड जुगाली करते दिख जाएगा। सड़कों खुलेआम तफरी करने वाले राहगीरों के लिए भी परेशानी खड़ी कर रहे हैं।
- भीड़ वालों इलाकों में कब कोई सांड घुस कर कोहराम मचा कह नहीं सकते। ऐसे में ये मवेशी हादसे की वजह भी बन रहे हैं।

### चार कांजी हाउस, एक बंद, तीन ही चल रहे

नगर निगम इसलिए भी मवेशियों को पकड़ने में रुचि नहीं ले रहा है क्योंकि नगर निगम के पास पकड़े गए मवेशियों को रखने के लिए कांजी हाउस में पर्याप्त जगह नही बची है। नगर निगम द्वारा शहर में चार कांजी हाउस संचालित किए जा रहे थे। जिसमें चेरीताल स्थित कांजी हाउस बंद कर दिया गया है। जबकि तीन संचालित किए जा रहे हैं। तिलवारा स्थित कांजी हाउस में क्षमता से अधिक मवेशी रखे गए हैं। जबकि उमरिया में पांच हजार मवेशियों के लिए कांजी हाउस बनाया जा रहा है जिसमें फिलहाल शेड लगाकर 100 से ज्यादा मवेशी रखे गए हैं।



## दिन में आसमान और रात में धरती आग उगल रही

जबलपुर ।मंगलवार देर शाम हल्की बूंदाबांदी के बाद धरती ने उमस छोड़ी जिससे बैचेनी बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान गर्म हवाओं के झोंके चलेंगे। मौसम शुष्क रहेगा और तापमान बढ़ेगा। गर्म हवाओं के थपेड़े हवा में नमी बढ़ने से उमस का वातावरण बन गया। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 27.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। आज सुबह का तापमान 27.1 रहा।

## लोगों के लिए प्याऊ व मूक पशुओं के लिए पानी की टंकी

**जबलपुर।** मननमती शाखा रांझी द्वारा गर्मी में लोगों शीतल पेयजल उपलब्ध कराने प्याऊ व मूक पशुओं के लिए पानी की टंकी स्थापित की गई । सचिव शिल्पी जैन कोषाध्यक्ष श्री मति शिप्रा ,सांस्कृतिक मंत्री आरती जैन धार्मिक मंत्री प्रीति जैन अलका जैन , महिमा जैन राजुल जैन नंदा जैन ने कार्यक्रम को सफल बनाया ।



# कलेक्टर से बिल्डरों ने कहा - महंगाई बहुत नहीं बना पा रहे मकान

# कारोबार में ताला लगे इससे पहले सीएम से राहत दिलाएं

इस अवसर पर म.प्र बिल्डर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार ग्रोवर, जबलपुर चैप्टर के अध्यक्ष बिट्टू चड्ढा, एसोसिएशन के लाइफ मेंबर, कांट्रेक्टर डॉ. अजय शुक्ला उपस्थित थे । प्रेषित ज्ञापन में मांग की है कि निर्माण सामग्री के मूल्यों में बीते कुछ महीनों में हुई बेतहाशा वृद्धि के कारण निर्माण व्यवसाय पर अस्तित्व का जो संकट आ खड़ा हुआ है उससे निर्माण व्यवसाय से संबद्ध बिल्डर्स एवं कांट्रेक्टर्स को राहत प्रदान करने राज्य सरकार प्रभावी कदम उठाये।

ज्ञापन में मूल्य वृद्धि की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि नवम्बर- 21 से मार्च - 22 के दौरान में सीमेंट 40 प्रतिशत, सरिया 63 प्रतिशत, फ्लाय ऐश ब्रिक्स 50 प्रतिशत , पीवीसी कण्ड्यूट् पाइप 61 प्रतिशत, वेट्रिफाइड टाइल्स 33 प्रतिशत, एल्यूमीनियम 80 प्रतिशत, वायर/केबल्स 50प्रतिशत, कापर 58प्रतिशत और ग्लास 100 प्रतिशत महंगा हो चुका है। नये वित्तीय वर्ष में भी मूल्य वृद्धि रुकने का नाम नहीं ले रही।

एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार ग्रोवर ने बताया कि इससे शासकीय ठेकेदार भारी आर्थिक संकट में पड़ गये हैं क्योंकि टेंडर जिन रेट्स पर मंजूर हुए थे, निमाज़्ण सामग्री महंगी हो जाने से उन पर काम पूरा करना सम्भव नहीं रहा। इस वजह से अनेक निर्माण कार्य रुके पड़े हैं। इसके अलावा अनेक निर्माण कार्य अचानक हुई कमरतोड़ मूल्यवृद्धि के परिणामस्वरूप प्रारम्भ ही नहीं हो सके।

उन्होंने मुख्यमन्त्री से अनुरोध किया है कि जो निर्माण कार्य चल रहे हैं उनके बिल्डर्स को मूल्य वृद्धि से हुए रहे नुकसान की राशि की क्षतिपूर्ति की जावे। साथ ही अब तक शुरू नहीं नहीं हो सके निर्माण कार्यों को यदि कांट्रेक्टर न करना चाहे तो उनकी जमा राशि बिना पेनाल्टी काटे लौटाई जावे।

ज्ञापन में प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाये जा रहे आवासों के कांट्रेक्टरों पर पड़ रहे आर्थिक बोझ का भी उल्लेख करते हुए उन्हें भी राहत प्रदान करने की माँग की गई है। उल्लेखनीय है कि गुजरात की भाजपा सरकार ने पांच से सात परसेंट कांट्रेक्टरों को रेट बढ़ाकर भुगतान करने की घोषणा की है।

**जबलपुर यशभारत। निर्माण सामग्री के दामों में बेतहाशा वृद्धि से बिल्डर्स कारोबार पर पड़े दुष्प्रभाव को लेकर मध्य प्रदेश बिल्डर्स एसोसिएशन ने प्रदेश केमु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम कले ट्रेट कार्यालय पहुंचकर अपर कले टर शेर सिंह मीणा को एक ज्ञापन सौंपा।**



# दिव्यांग से रोजगार छीनकर दबंग को कर दी भूमि आवंटित

## मूक बधिरों से किस बात का बदला ले रहा प्रशासन संभागायुक्त को सौंपी शिकायत



**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर पानी की टंकी के पास करीब 35 वर्ष से चाय-नाश्ते की दुकान संचालित कर रहे मूक बधिरों को एक दबंग की शह पर उक्त दुकान किसी और के नाम आवंटित कर दी गई। जिसके बाद दिव्यांग समिति ने संभागायुक्त को इसकी शिकायत की है।

देवेन्द्र सोनी ,प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांग संघर्ष समिति जबलपुर ने बताया कि रामधनी कुशवाहा 70 वर्ष अपने दो दिव्यांग बेटों के साथ यहां चाय-नाश्ते की दुकान लगाते है। लेकिन उनसे रोजगार छीनकर ननि ने वह दुकान मो. वाजिब मंसूरी को आवंटित कर दी। जिससे दिव्यांगों की दो जून की रोटी भी खतरे में पड़ गयी है। संभागायुक्त ने उचित कार्रवाई की आश्वासन दिया है।



# आदमखोर कुत्ते ने मासूम पर किया हमला

## हाथ-पैर किए लहूलुहान, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** लार्डगंज के जहांगीराबाद में घर के सामने खेलते हुए बच्चे पर कुत्ते ने हमला करते हुए अपने नुकले दांतों से काट कर हाथ और पैर जख्मी कर दिए। मासूम की चीखने की आवाज सुनकर परिजनों ने कुत्ते को भगाया और त्वरित मासूम को अस्पताल में भर्ती किया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आयुश रजक 8 वर्ष के परिजनों ने बताया कि मासूम घर के सामने खेल रहा था, तभी पंजू रजक के कुत्ते ने बच्चे पर हमला कर गंभीर रुप से जख्मी कर दिया। फिलहाल बच्चे की स्थिति स्थर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रेलवे ट्रेक में टुकड़ों मिला शव : क्षेत्र में हड़कंप, शिना तगी के प्रयास जारी

जबलपुर, यशभारत। शोभापुर के पास डाउन ट्रेक में एक अधेड़ की दो टुकड़ों में शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर दलबल के साथ पहुंची पुलिस ने शव को समेटकर पीएम हेतु भेजते हुए अधेड़ की शिनाख्तगी के प्रयास में जुटी है। थाना घमापुर मे सुवह रेल्वे ट्रेक मेन सतीष झारिया 32 वर्ष निवासी घमापुर कांचघर ने सूचना दी कि आज बुधवार सुवह लगभग 5-6 बजे एक व्यक्ति उम्र लगभग 55 वर्ष का शोभापुर के पास डाउन ट्रेक रेलगाड़ी से टकरा जाने से मृत्यु हो गयी है। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव का पीएम हेतु भिजवाते हुये अज्ञात मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास जारी है।

# 500 रुपए के लिए युवक को घोंप दिया चाकू

**पांच आरोपियों ने दो को किया घायल**

**जबलपुर,यशभारत।** अधारताल के कटरा चौक में दरमियानी रात 500 रुपए की डिमांड करते हुए दो युवकों के साथ पहले तो जमकर मारपीट की गई और विरोध करने पर चाकू से गोद कर आरोपी फरार हो गए। जिसके बाद आनन-फानन में दोनों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला कायम कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अमित साहू ने बताया कि जीतान्शू साहू और हर्ष साहू को बीच रास्ते रोककर राजू, जय कोरी, दुर्गेश, करन चक्रवर्ती सहित साथी ने शराब पीने के लिए पांच सौ रुपए की डिमांड की। जब दोनों ने पैसे देने से मना कर दिया तो आरोपियों ने जमकर मारपीट की और विरोध करने पर चाकू घोंप कर मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

**अस्पताल में भर्ती, हालत नाजुक**

# पारिवारिक तनाव ने युवक को निगला

## गमछे से फांसी लगाकर की आत्महत्या, नहीं मिला सुसाइड नोट

**जबलपुर, यशभारत।** थाना अधारताल के विनोवा नगर में एक युवक ने पारिवारिक तनाव में आकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जैसे ही अपने लाडले का शव देखा तो चीख पड़े। मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि रोहित राय 20 वर्ष निवासी विनोभा नगर अधारताल ने बताया कि कपड़े सुखाने पीछे साईड गया था जहॉ देखा कि पीछे बने रूम में उसका बड़ा भाई सुनील उर्फरिंकू राय 30 वर्ष लकड़ी की बल्ली में साड़ी बांधकर फांसी पर लटका था। जिसकी मृत्यु हो चुकी थी। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव का पीएम हेतु भिजवाते हुये मगज़ कायम कर जांच में लिया गया।

# तिलवारा में उतराते मिली महिला की लाश

**जबलपुर, यशभारत।** तिलवारा घाट पर एक महिला का शव उतराते हुए मिला है। लोगों ने जैसे ही नदी में शव को देखा तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने शव को नाविकों की मदद से रेस्क्यू कर, पीएम हेतु रवाना किया है। फिलहाल महिला के शव की शिनाख्ती नहीं हो सकी है। पुलिस जांच जारी है। जानकारी अनुसार थाना प्रभारी लेखराम नादोनिया ने बताया कि तिलवारा तट पर श्रद्धालुओं ने पुलिस को सूचित किया कि एक महिला का शव नदी में उतराते हुए देखा जा रहा है। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर, नाविकों की मदद से शव को रेस्क्यू कर पानी के बाहर निकाला गया। महिला की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष के बीच है। महिला के शरीर में जख्म के हल्के निशान है। आसपास के क्षेत्रों में शिनाख्तगी के प्रयास किए। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। जिसके बाद जिले के सभी थाना क्षेत्रों में महिला की फोटो भेजी गई है। अब पूरी तड़ताल के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**पुलिस खोज रही खिनाख्तगी के सबूत, क्षेत्र में हड़कंप**



# एलआईसी एजेंट को 5 हजार के लिए मना करना पड़ गया भारी

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी में एलआईसी एजेंट को तड़ीबाजी ना देने पर तीन बदमाशों ने जमकर धुनाई कर दी और मोबाइल तोड़ते हुए चाकूबाजी करने वाले थे, तभी वहां भीड़ एकत्रित हो गई। जिसके बाद तीनों आरोपी वहां से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार कार्तिक चौकसे 24 वर्ष निवासी न्यू शोभापुर रांझी ने बताया कि वह एलआईसी में एजेन्ट का काम करता है। जब वह पनहेरा से वापस अपने घर जा रहा था , तभी पवन रजक, प्रवीण रजक , सुशांत उर्फ यश रजक मिले, प्रवीण ने उसे रोका और तीनों उसके पास आकर शराब पीने के लिये 5 हजार रूपये की मांग करने लगे। उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलौज करने लगे। तीनों उसे पटक पटक कर मारपीट करने लगे, यश ने उसका मोबाइल पटक कर तोड़ दिया, प्रवीण रजक ने चाकू खोलकर जान से मारने की धमकी देने लगा, पवन रजक भी हथियार रखे था, भीड़ इकट्ठी होने लगी तो तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

**तीना बदमाशों ने की जमकर मारपीट**

# सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी का कीर्तिमान

## 250 मेगावाट की यूनिट 10 ने 100 दिन लगातार बिजली का किया उत्पादन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी ने नया कीर्तिमान रचा हैं। 250 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट क्रमांक 10 ने तमाम विपरीत परिस्थितियों के बीच 100 दिनों का लगातार विद्युत उत्पादन किया है। यह यूनिट पिछले 22 जनवरी 2022 से आज तक निर्बाध बिजली उत्पादन कर रही है। इस दौरान यूनिट का प्लांट अवलेबिलिटी फेक्टर (पीएएफ) 100.09 प्रतिशत, प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) 97.36 प्रतिशत व ऑक्जलरी कंजम्पशन 7.86 प्रतिशत रहा। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की यह यूनिट 2013 को क्रियाशील हुई थी।मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की दो विद्युत यूनिट भी सतत बिजली उत्पादन करने के नए रिकार्ड कायम किए। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250 मेगावाट क्षमता की यूनिट क्रमांक 11 पिछले 185 दिनों से व सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना डोंगलिया की 600 मेगावाट क्षमता की यूनिट क्रमांक एक पिछले 165 दिनों से लगातार बिजली उत्पादन कर रही हैं।

## स्नेहा ज्योति सिंह बनीं भारत रक्षा मंच की संभागीय महिला प्रभारी



**जबलपुर।** सीएए और एनआरसी की ऐतिहासिक सफलता के बाद हिंदू राष्ट्र, समान नागरिक संहिता और जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिए कृतसंकल्पित संगठन भारत रक्षा मंच द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद श्री रघुनंदन शर्मा जी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री सूर्यकांत केलकर जी व मध्यक्षेत्र के संगठन मंत्री श्री हरेंद्र सिंह जी की सहमति से प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. एच.पी. तिवारी द्वारा सुश्री स्नेहा ज्योति सिंह को जबलपुर महानगर महिला प्रमुख के दायित्व के साथ साथ जबलपुर संभाग की महिला प्रमुख का प्रभार दिया गया है।

# शराब की तलब लगी तो पति पहुंचा बर्तन बेचने : बीबी ने रोका तो तोड़ दिए हाथ-पैर

**जबलपुर,यशभारत।** मझोली के ग्राम बम्होरी में शराबी पति ने बीबी का जीना मुहाल कर दिया। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि पति घर के बर्तन बेंचकर शराब पी जाता है, यहां तक कि अब उसने खाना बनने के लिए भी बर्तन नहीं बचें है। जब उसने विरोध किया तो आगबबूला पति ने बर्तन और लाठियों से मार-मारकर पत्नी के हाथ पैर जख्मी कर दिए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, जांच में लिया है।

जानकारी अनुसार श्रीमती प्रियंका बाई पटैल 28 वर्ष निवासी ग्राम बम्होरी रीछी ने पुलिस को बताया कि उसका पति प्रमोद पटैल शराब पीने के आदि है शराब पीकर हमेशा उसके साथ मारपीट करता है तथा घर का सामान बेचकर शराब पी जाता है। आज सुवह लगभग 8 बजे उसके पति सुवह से बरतन बेचने के लिये ले जा रहा था , उसने बर्तन ले जाने से मना किया तो उसके साथ गाली गलौज करते हुये लाठी से हमलाकर लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गया।



# खेल राष्ट्र की सबसे बड़ी स्वास्थ्य संपदा :ए आई जी शुक्ला

**ओएफके में का. रामशंकर रजक स्मृति क्रिकेट स्पर्धा श्रंखला**

जबलपुर यशभारत। खेल स्वास्थ्य के लिए बहुत जरुरी है।सच्चे अर्थों में खेल राष्ट्र की स्वास्थ्य संपदा है।उक्त उद्गार आर के शुक्ला सहायक महानिरीक्षक पुलिस ने मुख्य अतिथि के रूप खमरिया के ओलंपिक मैदान में कामरेड राम शंकर रजक स्मृति रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान व्यक्त किए। वर्ष 2022 की जारी मैच श्रंखला में खेले गए विशाल मिक्स 11 एव मणि रत्नम 11 के बीच रोचक मुकाबले में विशाल मिक्स 11 ने मणि रत्नम 11 को पराजित किया। मैच में निर्णायक की भूमिका में अंपायर संदीप एवं भूपेंद्र मीणा एवं कॉमेंटेटर गजेंद्र पाल सिंह रहे। मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार। विशाल मिक्स 11टीम के जिनेंद्र झारिया को दिया गया पहले बल्लेबाजी करते हुए मणि रत्नम 11 की टीम में निर्धारित 10 ओवरों में 63 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी विशाल मिक्स 11टीम ने उस लक्ष्य को प्राप्त करके विजय हासिल की। पुरस्कार मुख्य अतिथि आर के शुक्ला (ए आई जी एम पी पुलिस जबलपुर ) एवं उनके साथ सत्येंद्र सिंह( अध्यक्ष एआईएएनजीओ एसोसिएशन) हाथों प्रदान किए गए। इस अवसर पर यूनियन के दिनेश नामदेव सुरेश कन्ना बबलू कुमार हरीश चौबे शरद अलबाल प्रदीप गुप्ता प्रभात संजीव मुकेश निखिल विमल राजू किशन मनोज आदि उपस्थित रहे।



# जबलपुर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारी-मंडल अध्यक्ष घोषित

**जबलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साँसद विष्णुदत्त शर्मा के निर्देश पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार की सहमति एवँ भाजपा जिलाध्यक्ष जीएस ठाकुर के अनुमोदन के पश्चात भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर ने जबलपुर महानगर के जिला पदाधिकारी एवँ सभी 16 मंडलो के अध्यक्ष घोषित किये है।युवा मोर्चा जबलपुर महानगर में 6 उपाध्यक्ष, दो महामन्त्री, 6मंत्री, रिसर्च एवँ पॉलसी प्रभारी, सह प्रभारी, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री, सह कार्यालय मंत्री, मीडिया प्रभारी, सह मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी, सह प्रभारी, आईटी प्रभारी, सह प्रभारी बनाये गए है।

### जिला पदाधिकारी

उपाध्यक्ष - यशराज शर्मा, अर्णव तिवारी, राहुल कपूर, राम सोनकर, श्रीकान्त वर्मा कुक्की, शुभम अरिहंत, महामंत्री- ईशान नायक, रौनक अग्रवाल मंत्री -प्रणय गुप्ता, अंकित फ्रांसिस, गोपाल गुप्ता, अनिकेत रावत, शरद विश्वकर्मा, रविन्द्र तिवारी रिसर्च एवँ पॉलसी प्रभारी -अर्पित दुबे रिसर्च एवँ पॉलसी सह प्रभारी - पराग तिवारी कार्यालय मंत्री-आर्यन मिश्रा सह कार्यालय मंत्री- अंकित प्रताप सिंह, आयुष सिंह कोषाध्यक्ष -दीपक मंगलानी सह कोषाध्यक्ष - रितिक यादव मीडिया प्रभारी- अंकित पाठक सह मीडिया प्रभारी- शिवा रैकवार सोशल मीडिया प्रभारी - प्रशान्त गुप्ता सह सोशल मीडिया प्रभारी- गौरव मांझी, ऋत्विक पांडे आईटी प्रभारी - विवेक सिंहसह आईटी प्रभारी -राहुल तिवारी, युवराज यादव

### मंडल अध्यक्ष

1 कुशाभाउ ठाकरे ञ समरजीत फौजदार 2 दीनदयाल उपाध्याय - शुभम रजक 3 स्वामी विवेकानंद - रनेश खरे 4 चन्द्रशेखर आजाद- हर्षित राय 5 लोकमान्य तिलक - रितेश रजक 6 श्यामा प्रसाद मुखर्जी- विजेंद्र श्रीवास 7 सुभाषचंद्र बोस -वरुण सिंह 8 अब्दुल हमीद - असगर अंसारी 9 शहीद भगत सिंह - सुधीर बेन 10 छत्रपति शिवाजी- संतोष बैरागी 11 वीर सावरकर -आकाश रजक 12 अटलबिहारी बाजपेयी । स्वप्निल पांडे 13 नर्मदा - पीयूष समदड़िया 14 महाराणा प्रताप ।अभिषेक सराफ 15 रानी दुर्गावती- वैभव चौरसिया 16 गिरिराज किशोर - यशवर्धन दत्त

# सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0 का तीसरा चरण



**जबलपुर।** केन्द्र सरकार के निर्देश पर चल रहे सघन मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम 4.0 के अंतर्गत 2 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का किसी भी कारण से छूटे हुए टीकों को लगाना सुनिश्चित करना है । इसी लक्ष्य को पूरा करने की कड़ी में सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0 का जिले में तीसरा चरण प्रारंभ हुआ । इस दस दिवसीय कार्यक्रम में किसी न किसी टीके की खुराक से छूटे 486 बच्चों एवं 174 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा गया है , जिनके लिए जिले में 171 सेशन लगाए जायेंगें । शासन के निर्देशानुसार घर-घर सर्वे करके स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ऐसे छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार कर उन्हें टीकाकरण स्थल तक लाने के लिये प्रेरित किया जा रहा है ।जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रत्नेश कुररिया एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ शत्रुघन सिंह दाहिया ने अभियान की महत्वता को बताया तथा अपने बच्चों को पूर्ण टीकाकरण करवाकर जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा दिलवाने की अपील की ।



## संपादकीय

## बच्चों व टीका न लगाने वालों को राहत

देश की शीर्ष अदालत ने संवैधानिक अधिकारों का हवाला देते हुए कहा है कि किसी भी व्यक्ति को कोरोना टीकाकरण के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। हालांकि, माना है कि केंद्र सरकार के मौजूदा टीकाकरण कार्यक्रम में किसी तरह की विसंगति नहीं है और अनिवार्यता से इतर इसे सही ठहराया है। वैसे भी जब देश में टीकाकरण के संक्रमण रोकने में सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं और देश में एक अरब नब्बे करोड़ से अधिक टीके लगाये जा चुके हैं, टीकाकरण की अनिवार्यता का सवाल उठाना अतार्किक है। बहरहाल, अदालत ने कहा है कि संगठनों, संस्थानों व सरकारों द्वारा टीका न लगाने वाले व्यक्तियों पर स्थान विशेष पर जाने के लिये प्रतिबंध लगाना अनुचित है। जब तक कि संक्रमण का दबाव तेज नहीं होता इसे तुरंत हटाया जाना चाहिए। कोर्ट के निर्देश ऐसे वक्त में आये हैं जब केंद्र सरकार का मकसद आयु विशेष के बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य शीघ्र हासिल करना है। दरअसल, टीकों से बच्चों को मिलने वाली सुरक्षा व प्रभाव को लेकर कतिपय अभिभावक चिंतित हैं। वहीं दूसरी ओर स्कूल प्रबंधक इस तरह के नियम लागू कर रहे हैं कि बिना टीका लगाये बच्चों को कक्षाओं में शामिल नहीं होने दिया जायेगा। शीर्ष अदालत ने टीकाकरण में पारदर्शिता की जरूरत को स्वीकार करते हुए कहा है कि केंद्र डेटा गोपनीयता से समझौता किये बिना टीका लगने से उत्पन्न प्रभावों की जानकारी सार्वजनिक मंचों पर जारी करे। हालांकि, टीकाकरण के दुष्प्रभावों के मामले बेहद कम हैं और इनकी संख्या प्रति हजार चार बतायी जा रही है। दरअसल, सरकार द्वारा आंकड़ों को सार्वजनिक न किये जाने से कई तरह की आशंकाओं व अफवाहों को बल मिलता है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्र सरकार को निर्देश दिये जाने के बाद बच्चों के लिये स्वीकृत टीकों के ट्रायल से जुड़े आंकड़े यथाशीघ्र सार्वजनिक किये जायेंगे जो टीकाकरण में पारदर्शिता को ही उजागर करेंगे। इससे बच्चों के अभिभावकों में टीकाकरण को लेकर पैदा झिझक तथा भ्रम दूर करने में मदद मिलेगी। हालांकि, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि टीका बनाने वाली कंपनियां डेटा साझा करने में कितना सहयोग करती हैं। वैसे एक बात यह भी है कि युवाओं में तो टीकाकरण रुझान तेजी पकड़ रहा है लेकिन साठ वर्ष से कम उम्र के वयस्क बूस्टर डोज लगवाने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। केवल दो प्रतिशत पात्र लोगों को ही टीका लग पाया है। लोगों की अनिच्छा का एक कारण यह भी है कि यह टीका निजी अस्पतालों में उपलब्ध है और इसके लिये कीमत चुकानी है। दिल्ली व हरियाणा सरकार का 18-59 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को मुफ्त बूस्टर शॉट दिये जाने का निर्णय स्वागतयोग्य है। अन्य राज्यों को चौथी लहर की आशंकाओं के बीच इस फैसले का अनुकरण करना चाहिए। दरअसल, केंद्र सरकार ने भी अपनी ओर से बार-बार यही स्पष्ट किया है कि उसने कोविड रोधी टीकाकरण को अनिवार्य नहीं बनाया है, लेकिन फिर भी देश की सौ फीसदी आबादी को सुरक्षा कवच मिलना चाहिए। ऐसे में तार्किक तथ्यों के साथ चलाया गया जागरूकता अभियान इस दिशा में सकारात्मक परिणाम दे सकता है। निस्संदेह, फिर टीकाकरण की बाध्यता जैसे सवाल सामने नहीं आएंगे। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इस महामारी ने वर्तमान में चीन जैसे साधन-संपन्न मुल्क में कहर बरपाया हुआ है। वहीं दुनिया की सुपर पॉवर कहे जाने वाले अमेरिका ने व्यापक जन हानि के रूप में इसकी कीमत चुकायी है। ऐसे में यदि देश में सरकार द्वारा उपलब्ध वैक्सीन से संक्रमण रोकने में मदद मिलती है तो टीकाकरण से परहेज अतार्किक ही होगा। लोकतंत्र में व्यक्तिगत आजादी अपनी जगह है लेकिन यह प्रश्न सामाजिक सुरक्षा का भी है। लापरवाही महामारी के वायरसों की वाहक भी बन सकती है। वैसे भी यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बीमार चिकित्सा तंत्र वाले देश ने इन वैक्सीनों के जरिये ही कोरोना महामारी के खिलाफ एक कामयाब लड़ाई लड़ी है। इससे संक्रमण की दर को रोकने में काफी मदद मिली है।

# जिंदगी को रोलर कोस्टर बनाने वाली मुद्रा

**सरकारों को क्रिप्टो मुद्राएं कोई खास पसंद नहीं हैं। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण हाल में जब अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं, तो वहां उन्होंने धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) और आतंक-पोषण (टेरर फंडिंग) में क्रिप्टो के इस्तेमाल की आशंका जताते हुए इनके नियमन के लिए वैश्विक नियामक संस्था यानी रेग्युलेटर बनाने का विचार सामने रखा। असल में सरकारों के सामने ऐसी कोई मजबूरी भी नहीं है कि वे अपने केंद्रीय बैंकों द्वारा जारी सरकारी मुद्राओं के समानांतर चलने वाली किसी करेंसी को बर्दाश्त करें।**

यही वजह है कि अभी भी दुनिया में अल सल्वाडोर अकेला देश है, जिसने बिटकॉइन और इस जैसी क्रिप्टो करेंसीज को लेनदेन की कानूनी मुद्रा का दर्जा दिया है।

हमारे देश में अप्रैल, 2022 से क्रिप्टो कारोबार (निवेश) से मिलने वाले लाभ पर 30 फीसदी टैक्स चुकाना जरूरी हो गया है। इसके अलावा क्रिप्टो संबंधी प्रत्येक लेनदेन (ट्रांजेक्शन) पर एक प्रतिशत का टीडीएस यानी स्रोत पर कर कटौती का नियम लागू हो गया है। नियमों का उल्लंघन हुआ तो सात साल तक की जेल हो सकती है। क्रिप्टो में लेनदेन की रकम ज्यादा हुई और टैक्स नहीं चुकाया गया, तो 200 फीसदी का जुर्माना अलग से लग सकता है। लोग कह सकते हैं कि भारत सरकार पैसों के लेनदेन के एक ऐसे सिस्टम को पटरी से उतारने पर तुल गई है जिसके जरिए दुनिया में कहीं भी बिना किसी फर्जीवाड़े के आसानी से लेनदेन हो सकता है। लेकिन क्या सच में ऐसा है? क्या क्रिप्टो वास्तव में लेनदेन और निवेश- दोनों मामलों में स्वर्ग है?

सरकार के सख्त रवैये के बावजूद भारत में 10 करोड़ से ज्यादा लोगों के पास क्रिप्टो करेंसी मौजूद होने का दावा किया जाता है। यह संख्या भारत की आबादी का 7.3 फीसदी ठहरती है। क्रिप्टो के लेनदेन का आकलन करने वाली संस्था ब्रोकरचूज़ के मुताबिक निजी तौर (इंडीविजुअल होल्डर्स) पर क्रिप्टो में निवेश करने वालों की संख्या के मामले में भारत पहले स्थान पर है। भारत के बाद अमेरिका और रूस का नंबर आता है। हालांकि जनसंख्या के आधार पर क्रिप्टो ओनरशिप की दर के मामले में भारत पांचवें स्थान पर है। देश की आबादी के प्रतिशत के आधार पर जो क्रिप्टो मालिक हैं, उस रैंकिंग में युद्ध शुरू होने से पहले की स्थिति में यूक्रेन (12.73 प्रतिशत) सबसे आगे था, रूस (11.91 प्रतिशत), केन्या (8.52 प्रतिशत), अमेरिका (8.31 प्रतिशत) जबकि भारत 7.3 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर था। इससे भारत की नौजवान आबादी में क्रिप्टो को लेकर जगी दिलचस्पी का पता चलता है।

यहां एक सवाल पैदा होता है कि भारत में क्रिप्टो में निवेश के संदर्भ में नौजवानों का जिक्र बार-बार क्यों किया जा रहा है। दावा है कि कोरोना काल में क्रिप्टो में निवेश के जरिए घर बैठे कमाई का चस्का असंख्य युवाओं को लग गया है। इस दौरान अगर एकाध अवसर पर उन्हें बैंक में मिलने वाले ब्याज की तुलना में ज्यादा फायदा हुआ, तो वे इसके ट्रैप में फंसते चले गए। लेकिन निवेश पर ज्यादा कमाई का आकर्षण ही युवाओं को क्रिप्टो की ओर नहीं ले गया है। बल्कि इसके कई समाजशास्त्रीय कारण भी हैं। असल में, दुनिया में एक ऐसी पीढ़ी उभरकर सामने आई है, जिसे हाथ-पांव चलाए बिना पैसा बनाने या इसके रास्ते खोजने की राह आसान लगती है। यह पीढ़ी मोबाइल के सहारे ही कमाई करने में ज्यादा यकीन करने लगी है। लेकिन स्मार्टफोन से पैदा हुई तमाम समस्याओं की तरह ही वर्चुअल पैसा हासिल करने की प्रवृत्ति युवाओं को एक अनदेखी डिजिटल बीमारी की तरफ धकेल रही है।

स्मार्टफोन के इस्तेमाल से होने वाले व्यावहारिक व्यसन (बिहेवियरल एडिक्शन) की जिस समस्या की तरफ विशेषज्ञ कुछ समय से संकेत कर रहे हैं, उसमें क्रिप्टो करेंसी ने एक आयाम जोड़ दिया है। बेरोजगारी से आजिज और सामाजिक निष्क्रियता का शिकार युवा जब से मोबाइल-इंटरनेट का लती हुआ है तो इस तोहमत से बचने के लिए कि जिंदगी चलाने के वास्ते नौजवान कुछ नहीं करता, क्रिप्टो को कमाई का मौका मान बैठा है। इस प्रवृत्ति ने युवाओं में एक किस्म की लत पैदा कर दी है। यह व्यसन ठीक वैसा है, जैसा क्लेप्टोमेनियाक्स (आदतन छोटी-मोटी चोरी करने वाले) या फिर जुआरी प्रवृत्ति के लोगों में देखा जाता है। जितनी भी पूंजी इन युवाओं के हाथ में होती है, रातोंरात उसमें सैकड़ों-हजारों गुना बढ़ोतरी के लालच में उसे वे क्रिप्टो के दांव पर खेल लेते हैं। कभी-कभी कोई दांव चल जाता है, लेकिन ज्यादातर मामलों में कोई क्रिप्टो चढ़ती जिस अनुपात में है, उतरती भी उसी तेजी से है।

नवबंर, 2021 में दुनिया की सबसे नामी क्रिप्टो 1 बिटकॉइन की कीमत 60 हजार डॉलर थी, तो चार से पांच महीने के अंतराल में आधी रह गई है। ऐसे में, युवाओं की जिंदगी किसी रोलर-कोस्टर के सवार जैसी हो जाती है। क्रिप्टो में पूंजी झोंककर एक पल में आसमान पर तो दूसरे ही पल जमीन पर होते हैं। क्रिप्टो की दीवानगी एक बड़ा मर्ज कैसे बन गई है, इसका अहसास कुछ ही अरसा पहले गृह मंत्रालय द्वारा संसद में दिए गए एक आंकड़े से होता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के हवाले से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में बताया कि वर्ष 2020 में बेरोजगारी से आत्महत्या करने वालों की संख्या 2019 के मुकाबले 24 प्रतिशत ज्यादा थी। आंकड़े साबित करते हैं कि 2018, 2019 और 2020 के दौरान देश में बेरोजगारी की वजह से 9,140 लोगों ने आत्महत्या कर ली। उल्लेखनीय यह है कि इन तीन वर्षों के दौरान दिवालिया होने और कर्ज के चलते 16,091 लोगों ने आत्महत्या की। हालांकि अभी इन आत्महत्याओं की सटीक वजहों का पता चलना बाकी है, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्टार्टअप में नाकामी और क्रिप्टो में निवेश का स्वाह हो जाना युवाओं को आत्महंता बनने के लिए प्रेरित कर रहा होगा। क्रिप्टो करेंसी की कीमतों में उतार-चढ़ाव की अटकलों में उलझे रहना और अपने निवेश के चुटकियों में कई गुना हो जाने का ख्वाब इन युवाओं को भावनात्मक संकट में डाल रहा है।

क्रिप्टो के जरिए ऐसा क्यों हो रहा होगा, इसे समझने के लिए क्रिप्टो करेंसी के स्वभाव को समझना होगा। असल में ये आभासी मुद्राएं अपने स्वभाव में अस्थिर हैं। ऐसे में इनमें पैसा झोंकने वाले युवा हर समय चिंताग्रस्त रहते हैं। इन मुद्राओं में मिलने वाला लाभ कई बार तो चंद मिनटों में ही स्वाह हो जाता है। यही वह ट्रिगर पॉइंट है, जहां पहुंचकर क्रिप्टो करेंसी में पैसा लगाने वाले हजारों-लाखों युवाओं की जिंदगी किसी रोलर-कोस्टर की सवारी जैसी हो जाती है। अकारण नहीं है कि स्कॉटलैंड के एक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र कैसल क्रेग ने हाल ही में दुनिया में क्रिप्टो करेंसी की खरीद-फरोख्त की बढ़ती लत को नए जमाने की महामारी घोषित किया है।

**-संजय वर्मा**

# जीवन व निर्माण शैली में बदलाव जरूरी

अभी आगे पूरा मई और जून बकाया है, इस बार तो मनमोहक कहे जाने वाले वसंत के मौसम में ही गर्मी ने जेठ की तपन का अहसास करवा दिया। दिल्ली में अप्रैल के आखिरी दिनों में अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। करीबी शहर फरीदाबाद और गुरुग्राम का तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो कि औसत से 10 डिग्री ज्यादा था। गाजियाबाद भी तपने में पीछे नहीं था। ठीक यही हाल भोपाल या भुवनेश्वर का भी रहा। यह सर्वविदित है कि भारत में भीषण गर्मी पड़ती है। हालांकि, बहुत कम लोगों को पता होगा कि इस प्रचंड गर्मी ने देश में पिछले 50 साल में 17,000 से ज्यादा लोगों की जान ली है। 1971 से 2019 के बीच लू चलने की 706 घटनाएं हुई हैं। लेकिन गत पांच सालों में चरम तापमान लू की घटनाएं न केवल समय के पहले हो रही हैं, बल्कि लम्बे समय तक इनकी मार रहती है, खासकर शहरीकरण ने इस मौसमी आग में ईंधन का काम किया है। शहर अब जितने दिन में तपते हैं, रात उससे भी अधिक गरम हवा वाली होती है। जान लें कि आबादी से उफनते महानगरों में बढ़ता तापमान अकेले संकट नहीं होता, उसके साथ बढती बिजली और पानी की मांग, दूषित होता पर्यावरण भी नया संकट खड़ा करता है। अमेरिका की कोलम्बिया यूनिवर्सिटी के शीर्ष वैज्ञानिकों के एक अध्ययन के मुताबिक, बढ़ती आबादी और गर्मी के कारण देश के चार बड़े शहर नई दिल्ली, कोलकाता, मुम्बई और चेन्नई सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। पूरी दुनिया में बांग्लादेश की राजधानी ढाका इस मामले में पहले पायदान पर है। कोलकाता में बढ़ते जोखिम के पीछे 52 फीसदी गर्मी तथा 48 फीसदी आबादी जिम्मेदार है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बाहरी भीड़ को नही रोका गया तो तापमान तेजी से बढ़ेगा।

पिछली जनगणना के मुताबिक भारत की की कोई 31.1 प्रतिशत आबादी, जो कि 37.7 करोड़ होती है, शहरों में बसती है और अनुमान है कि सन? 2050 तक और 40 करोड़ लोग शहर का रुख करेंगे, ऐसे में शहरों का बढ़ता तापमान न केवल पर्यावरणीय संकट है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक त्रासदी-असमानता और संकट का कारक भी बनेगा। गर्मी अकेले शरीर को नहीं प्रभावित करती, इससे इंसान की कार्यक्षमता प्रभावित होती है, पानी और बिजली की मांग बढ़ती है, उत्पादन लागत भी बढ़ती है। शिकागो विश्वविद्यालय के एक शोध से पता चला है कि वर्ष 2100 तक दुनिया में गर्मी का प्रकोप इतना ज्यादा होगा कि महामारी, बीमारी, संक्रमण से भी ज्यादा लोग भीषण गर्मी, लू और प्रदूषण से मरने लगेंगे। अगर ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर जल्द ही लगाम नहीं लगाई गई तो आज से 70-80 साल बाद की दुनिया हमारे रहने लायक भी नहीं रह जाएगी। वर्ष 2100 आते-आते दुनिया में होने वाली प्रति एक लाख व्यक्ति में से 73 लोगों की मौत गर्मी और लू की वजह से होगी।शहरों में बढ़ते तापमान के कई कारण हैं। सबसे बड़ा तो शहरों के विस्तार में हरियाली का होम होना। भले ही दिल्ली जैसे शहर दावा करें कि उनके यहां हरियाली की छतरी का विस्तार हुआ है लेकिन हकीकत यह है कि इस महानगर में लगने वाले अधिकांश पेड़ पारंपरिक ऊंचे वृक्षों की जगह जल्दी उगने वाले झाड़ हैं, जो कि धरती के बढ़ते तापमान की विभीषिका से निपटने में अक्षम हैं। बड़े वृक्षों के कारण वाष्पीकरण और वाष्पोत्सर्जन होता है जो कि धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करता है। वाष्पीकरण अर्थात् मिट्टी, जल संसाधनों आदि से हवा में पानी का प्रवाह। वाष्पोत्सर्जन अर्थात् पौधों की जड़ों के रास्ते रंध्र कहलाने वाले पत्तियों में छोटे छिद्रों के माध्यम से हवा में पानी की आवाजाही। शहर के डिवाइडर पर लगे बोगेनवेलिया या ऐसी ही हरियाली धरती के शीतलीकरण की नैसर्गिक प्रक्रिया में कोई भूमिका नहीं निभाते हैं।महानगरों की गगनचुम्बी इमारतें भी इसे गरमा रही हैं। ये भवन सूर्य की तपन से गर्मी को प्रतिबिंबित और अवशोषित करते हैं। इसके अलावा, एक-दूसरे के करीब कई ऊंची इमारतें भी हवा के प्रवाह में बाधा बनती हैं, इससे शीतलन अवरुद्ध होता हैं। शहरों की स?कें उसका तापमान बढ़ने में बड़ी कारक हैं। महानगर में सीमेंट और कंक्रीट के बढ़ते जंगल, डामर की सड़कें और ऊंचे-ऊंचे मकान बड़ी मात्रा में सूर्य की किरणों को सोख रहे हैं। इस कारण शहर में गर्मी बढ़ रही है। वैज्ञानिकों के मुताबिक तापमान में जितनी वृद्धि होगी बीमारियां उतना ही गुणा बढ़ेंगी और लोग मौत के मुंह में समा जाएंगे। सड़क डामर की हो या कांक्रीट की, यह गर्मी को अवशोषित करते हैं और फिर वायुमंडल का तापमान जैसे ही कम हुआ तो उसे उत्सर्जित कर देते हैं। इसके अलावा, शहरों के ऊपर वायुमंडलीय स्थितियों के कारण अक्सर शहरी हवा जमीन की सतह के पास फंस जाती है, जहां इसे गर्म शहरी सतहों से गर्म किया जाता है। हालांकि शहरों को भट्टी बनाने में इंसान भी पीछे नहीं हैं। वाहनों के चलने और इमारतों में लगे पंखे, कंप्यूटर, रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर जैसे बिजली के उपकरण भले ही इंसान को सुख देते हों लेकिन ये शहरी वातावरण का तापमान ब?ाने में बड़ी भूमिका अदा करते हैं। फिर कारखाने, निर्माण कार्य और बहुत कुछ है जो शहर को उबाल रहा है। यदि शहर में गर्मी की मार से बचना है तो अधिक से अधिक पारम्परिक पे?ों का रोपना जरूरी है, साथ ही शहर के बीच बहने वाली नदियां, तालाब, जोहड़ आदि यदि निर्मल और अविरल रहेंगे तो बढ़ी गर्मी को सोखने में ये सक्षम होंगे। वहीं कार्यालयों के समय में बदलाव, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, बहुमंजिला भवनों का ईको फेंडली होना, ऊर्जा संचयन सहित कुछ ऐसे उपाय हैं जो बहुत कम व्यय में शहर को भट्टी बनने से बचा सकते हैं। हां, अंतिम उपाय तो शहरों की तरफ पलायन रोकना ही होगा।

**-पंकज चतुर्वेदी**

## आपका राशिफल 05 मई

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो अ
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे। शुभांक-5-6-9

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा
अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-5-7

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक-5-6-7

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। आलस्य का त्याग करें। शुभांक-6-8-9

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-8

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-5-6-7

**मकर** — भो जा जी खी खू खे खो गा गी
एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-8-9

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। शुभांक-3-7-9

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। ''आगे-आगे गौरख जागे'' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

## फिल्म वर्ग पहेली- 5799



**बायें से दायें:-**

१. 'तुम्हें और क्या' गीत वाली राजेंद्र कुमार, सायरा की फिल्म-२,३,१,२
६. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैं ने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु की फिल्म-३
९. संजयदत्त, विवेक मुशरान, मनीषा कोइराला की 'आँखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मार ओडारी नी कुकिए' गीत वाली मनोज बाजपेयी, उर्मिला की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, अमीषा की 'जो पल्लू गिरा दिया' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
१८. मनोजकुमार, आशा की 'लो आ गई उनकी' गीत वाली फिल्म-१,३
२१. 'कमसिन कली हूँ' गीत वाली नाना पाटेकर, पुरू राजकुमार, अनुपमा वर्मा की फिल्म-२
२५. 'पाप दी ग्रेट' में किशनकुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२६. 'छोड़ दे जवानी में' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी की फिल्म-४
२७. कमल सदाना, दिव्या की 'दिल चीर के देख' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'एक लड़की दिल से गई' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. सुनील, सुष्मिता, नम्रता की 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली फिल्म-३
२. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
३. फिल्म 'बाबुल' में दिलीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
४. 'यारा ओ यारा इश्क ने मारा' गीत वाली अमिताभ, मौसमी की फिल्म-३
५. धर्मेन्द्र, जीनत अमान की 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'शारदा' में राज कपूर के साथ नायिका कौन थी?-२
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
११. 'खोया है तूने जो' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
१३. 'चिनाई चुन चुन' गीत वाली फिल्म-३
१४. फरदीन खान, उर्मिला की फिल्म-३
१५. वसंत चौधरी, मोतीलाल, साधना की 'ओ सजना बरखा बहार' गीत वाली फिल्म-३
१६. संजयदत्त, नम्रता शिरोडकर की 'मेरी दुनिया है' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'जीने की तमन्ना हो' गीत वाली फिल्म-३
२०. वी. शांताराम की 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'नाजुक सी कली थी' गीत वाली अजय, मनीषा, करिश्मा की फिल्म-४
२३. 'दिल जंगली कबूतर' गीतवाली फिल्म-३
२४. नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'क्रोध' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली- 5798



Jagrutidaur.com, Bangalore

धर्म

# इन टोटकों से आती है घर में समृद्धि



हर व्यक्ति सुख, आर्थिक संपन्नता और शांति चाहता है। मगर, इसे हासिल करना इतना भी मुश्किल नहीं है। अगर आप अपने घर में सिर्फ झाड़ू से जुड़ी कुछ बातों का ध्यान रखेंगे, तो न सिर्फ आपके घर की कलह खत्म होगी, बल्कि मां लक्ष्मी का भी वास होगा। झाड़ू का महत्व इससे भी समझा जा सकता है कि रोगों को दूर करने वाली शीतला माता अपने एक हाथ में झाड़ू लिए रहती हैं। अत~ झाड़ू का नियमित उपयोग करते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखना बहुत आवश्यक होता है, सूर्यास्त होने के बाद कभी भी झाड़ू नहीं लगानी चाहिए। माना जाता है कि इससे लक्ष्मी रूठ जाती हैं। वहीं, इसका एक और दर्शन यह भी है कि यदि कोई कीमती वस्तु गिर गई है, तो सूर्यास्त के बाद झाड़ू लगाने से वह दिखेगी नहीं और कचरे के साथ घर से बाहर चली जाएगी। वास्तु शास्त्र के अनुसार जो व्यक्ति झाड़ू को एक ही नियत स्थान पर रखने की बजाय कहीं भी रख देते हैं, उनके घर में धन का आगमन प्रभावित होता है। इससे उन्हें आर्थिक परेशानियों से गुजरना पड़ता है।

सपने में झाड़ू देखने का मतलब होता है, आपका आर्थिक नुकसान होने वाला है। बहुत ज्यादा समय से उपयोग में नहीं आ रही पुरानी झाड़ू को घर में न रखें। जब भी नई झाड़ू उपयोग में लानी हो तो, शनिवार से उसका उपयोग शुरू करें। हम जिस प्रकार धन को छुपाकर रखते हैं, उसी प्रकार झाड़ू को भी अपने घर में आने-जाने वाले लोगों की नजरों से दूर रखना चाहिए। माना जाता है कि धन की देवी मां लक्ष्मी का वास झाड़ू में ही होता है। इसलिए झाड़ू पर कभी भी पैर नहीं मारना चाहिए। ऐसा होने पर लक्ष्मी रूठ जाती हैं। झाड़ू बुहारने के बाद हमेशा साफ करके रखें। झाड़ू को कभी भी खड़ी करके नहीं रखना चाहिए, ऐसा करने पर घर में कलह होती है। पोंछा लगाने वाले पानी में पांच चम्मच सादा समुद्री नमक मिलाना चाहिए। इससे किसी भी नकारात्मक ऊर्जा को कम किया जा सकता है।

## सूडोकु नवताल- 6315

**मध्यम**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6314 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |



**विचार प्रवाह**

भक्ति हाथ-पैरों से नहीं होती वर्ना विकलांग कभी न कर पाते। भक्ति न आंखों से होती है वर्ना सूरदासजी कभी न कर पाते। भक्ति न बोलने-सुनने से होती है वर्ना गूंगे बहरे कभी न कर पाते और न ही भक्ति धन व ताकत से होती है वर्ना गरीब और कमजोर कभी न कर पाते।भक्ति तो भावों से होती है, भावना से होती है। भावना है तो भव से बेड़ा पार है वर्ना सब बेकार है।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली - 7356



**बाएँ से दाएँ**

1. अँगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. माँड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. सम्यीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढ़ेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन्न-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. शस्य-2
24. जल, पानी-3

शब्द पहेली -7355 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# हवा का बदला रुख, गर्मी से फिलहाल रहेगी मामूली राहत



**भोपाल।** आंशिक बादल बने रहने के साथ ही तेज रफ्तार से हवा चलने के कारण राजधानी में पिछले दो दिन से अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को हवा का रुख बदलकर उत्तर-पश्चिमी हो गया है। इसके चलते बुधवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को शहर के अधिकतम तापमान में भी मंगलवार की तुलना में कुछ कमी आने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि बुधवार को राजधानी का न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो लगभग सामान्य हैं। साथ ही यह मंगलवार के न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 0.6 डिग्री सेल्सियस कम रहा। मंगलवार को अधिकतम तापमान 41.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। साथ ही यह सोमवार के अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस के लगभग बराबर ही रहा। साहा के मुताबिक वर्तमान में हवा का रुख उत्तर-पश्चिमी बना हुआ है। इस वजह से बुधवार को अधिकतम तापमान में कुछ गिरावट होने की संभावना है

## चार मौसम प्रणालियां सक्रिय

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास सक्रिय है। दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात मौजूद है। पंजाब से दक्षिणी उत्तर प्रदेश से होकर मणिपुर तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है। इसके अतिरिक्त विदर्भ से लेकर तमिलनाडु तक भी एक ट्रफ लाइन मौजूद है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इन चार मौसम प्रणालियों के कारण मिल रही नमी से मध्य प्रदेश में कहीं-कहीं आंशिक बादल बने हुए

# सौर ऊर्जा से चलेंगे ढाई लाख से ज्यादा किसानों के खेतों में पंप



**भोपाल।** प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान योजना के तीसरे चरण में मध्य प्रदेश सरकार सात हजार 996 कृषि फीडरों को सौर ऊर्जा से ऊर्जीकृत करेगी। इसके लिए एक हजार 250 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। इससे ढाई लाख से ज्यादा किसानों के खेतों में पंप से सिंचाई होगी। इससे एक हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बचेंगे। दरअसल, सरकार किसानों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए सालाना 14 हजार 800 करोड़ रुपये का अनुदान देती है। इसमें कमी आएगी और

## बचेंगे एक हजार करोड़ रुपये

किसानों को दिन में बिजली की उपलब्धता भी सुनिश्चित होगी। कुसुम योजना के तीसरे चरण के प्रस्ताव पर बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा क्षमता पांच हजार 100 मेगावाट हो गई है। इसमें अभी और वृद्धि की संभावना है। इसे देखते हुए कुसुम योजना का विस्तार किया जा रहा है। पहले चरण 2020-21 में केंद्र सरकार ने राज्य को 300 मेगावाट क्षमता स्थापना का लक्ष्य दिया था। इसमें से 296 मेगावाट क्षमता स्थापना के लिए प्रस्तावों को आवंटन पत्र जारी किए जा चुके हैं। वहीं, दूसरे चरण में मुख्यमंत्री सोलरपंप योजना के तहत पचास हजार पंप की स्थापना का लक्ष्य मिला है। इसमें 23 हजार 500 किसानों ने पंजीकरण कराया है। छह हजार 763 पंप की स्थापना की जा चुकी है। योजना में केंद्र सरकार तीस और राज्य सरकार भी तीस प्रतिशत अनुदान दे रही है। अब तीसरा चरण प्रारंभ किया जाना है। इसमें सात हजार 996 कृषि फीडर को सौर ऊर्जा से ऊजीकृत करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए केंद्र ने एक लाख 75 हजार सौर ऊर्जा आधारित कृषि पंप की स्थापना का लक्ष्य दिया है।

## सस्ती पड़ेगी बिजली

मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी के अनुसार वर्तमान में सौर ऊर्जा औसत तीन रुपये बीस पैसे प्रति यूनिट में पड़ रही है। जबकि, ताप विद्युत में यह दर लगभग पांच रुपये 34 पैसे प्रति यूनिट आना संभावित है। प्रदेश में 18 हजार 423 फीडर पर एक हार्सपावर से दस हार्सपावर क्षमता के लगभग 32 लाख 50 हजार पंप स्थापित हैं। शासन द्वारा मानक विद्युत के उपयोग के अनुसार 14 हजार 800 करोड़ रुपये का वार्षिक अनुदान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे बढ़ाकर दो लाख 70 हजार करने का प्रस्ताव दिया है। तय किया गया है कि कृषि फीडर पर एक हजार 250 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। यह स्वयं, लीज या शासकीय भूमि पर स्थापित किए जाएंगे। एजेंसी का चयन खुली निविदा के माध्यम से हकया जाएगा। सौर संयंत्र की क्षमता एक उप केंद्र से जुड़े कृषि फीडर पर कुल वार्षिक विद्युत की खपत के आधार पर तय होगी। संयंत्र से विद्युत उप केंद्र तक पारेषण लाइन की स्थापना एजेंसी स्वयं करेगी या इसके लिए विद्युत वितरण कंपनी की सेवा सशुल्क ली जाएगी। सौर ऊर्जा संयंत्रों से उत्पादित बिजली 25 साल तक सरकार खरीदेगी।



# थोक मंडी में उछले टमाटर के दाम

## आवक कमजोर पड़ने का असर

**भोपाल।** आखातीज और ईद के बाद बुधवार को मंडी खुलते ही टमाटर के दामों में जोरदार उछाल देखा गया। देवी अहिल्याबाई होलकर (चोइथराम) थोक सब्जी मंडी में टमाटर ऊपर में 1300 से 1400 रुपये क्रेट के दामों पर बिक गया। एक दिन पहले टमाटर 1000 रुपये और उससे पहले तक 800 रुपये क्रेट तक बिक रहा था। इसका असर खेरची सब्जी मंडियों में भी नजर आने लगा है। एक क्रेट में औसतन 15 किलो टमाटर होता है। थोक मंडी में टमाटर के दाम ऊंचे खुले तो खेरची सब्जी मंडियों में भी दाम बढ़ा दिए गए हैं। खुदरा कारोबारी 80 से 100 रुपये किलो के दाम पर टमाटर बेचने लगे हैं। हरी मिर्च के दाम भी बुधवार को ऊंचे खुले। हरी मिर्च थोक मंडी में 35 से 40 रुपये प्रति किलो के दाम पर बिकी। अन्य सब्जियों के दाम थोक मंडी में कमजोर हैं लेकिन खुदरा कारोबारी मोटा मुनाफा बनाकर सब्जियों को महंगा बेच रहे हैं। चोइथराम मंडी में सब्जियों के कमीशन एजेंट इमरान राइन के अनुसार टमाटर की आसपास के गांवों से आवक अब न के बराबर है। पानी खत्म होने के कारण आसपास के गांवों के किसानों ने टमाटर उखाड़ दिया है। मंडी में अब ज्यादातर टमाटर महाराष्ट्र से आ रहा है। ईद-आखातीज के कारण बुधवार को आवक कमजोर रही। आगे एक-दो दिन बाजार पर निगाह रखना होगी। यदि आगे भी टमाटर की आवक कमजोर रही तो बाजार ऊंचा ही बना रहेगा। हरी मिर्च में भी निमाड़ से आवक कमजोर है। क्योंकि गर्मी से मिर्च पक गई है, इसलिए हरी मिर्च महंगी बेची जा रही है।

### थोक मंडी में ये रहे भाव

टमाटर 1000 से 1300 रुपये क्रेट
मिर्च 35 से 40
लौकी 6 से 8
चवला 22 से 25
बैंगन 5 से 10
भिंडी 12 से 15
कैरी 20 से 22
परवल 33 से 25
टैंसी 35 से 40
ककड़ी हरी 10 से 12
ककड़ी तर 8 से 10
कद्दु 12 से 15
गिलकी 15 से 16
सुरजना फली 8 से 13
शिमला मिर्च 35
करेला महाराष्ट्र 30 से 35
नींबू 60 से 80
अरबी 22 से 25
**( दाम रुपये प्रति किलो अच्छी क्वालिटी में )**

### खेरची में दोगुना मुनाफा

थोक मंडी में टमाटर हरी मिर्च को छोड़ शेष सब्जियों के दाम औसत स्तर पर है। खेरची बाजारों में दुकानदार जमकर मुनाफा काट रहे हैं। 60 से 80 रुपये किलो के दाम पर सब्जियां बेची जा रही है। 6 से 8 रुपये किलो में खरीदी गई लौकी भी 40 रुपये से 50 रुपये किलो में बेची जा रही है। मुनाफाखोरी के कारण खुदरा में सब्जियों की महंगाई ऊपर बनी हुई है इससे आम उपभोक्ताओं को राहत नहीं है।

# सहकारी संस्थाओं को सरकार देगी बिना ब्याज के फसल ऋण के नुकसान की राशि



**भोपाल।** खेती की लागत घटाने के लिए शिवराज सरकार किसानों को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से बिना ब्याज के अल्पावधि कृषि ऋण उपलब्ध कराती है। इसमें लगने वाली लागत प्रतिपूर्ति के लिए समितियों को ब्याज अनुदान दिया जाता है लेकिन इसमें दो साल लग जाते हैं। इसका नुकसान यह होता है कि समितियों को जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों को ब्याज देना पड़ता है। इससे समितियों को बचाने के लिए सहकारिता विभाग ने प्रस्ताव दिया है कि खरीफ और रबी फसलों के लिए ऋण चुकाने की अंतिम तिथि से ब्याज अनुदान की राशि के भुगतान के बीच का ब्याज समितियों को दिया जाएगा। इस पर निर्णय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में लिया जाएगा। प्रदेश में सहकारी समितियों के माध्यम से प्रतिवर्ष 35 लाख से अधिक किसानों को ब्याज रहित अल्पावधि कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए राशि का इंतजाम समितियां जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों से राशि लेकर करती हैं। जब किसान ऋण चुकाते हैं तो समितियां बैंकों को राशि लौटाती हैं। किसानों को ब्याज रहित ऋण देने के लिए लागत की प्रतिपूर्ति केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाले 10 प्रतिशत अनुदान से होती है। हालांकि, वित्त विभाग ने इसे दस प्रतिशत से घटाकर 8.6 प्रतिशत करने का अभिमत दिया है, जिस पर सहकारिता विभाग असहमति जताई है। दरअसल, सहकारी संस्थाओं (अपेक्स बैंक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और प्राथमिक समिति) का व्यवसाय 90 से 95 प्रतिशत तक कृषि ऋण का ही है। यदि आधार दर कम की जाती है तो इसका असर किसानों को वितरित किए जाने वाले ऋण पर पड़ सकता है। वैसे भी ब्याज अनुदान की राशि मिलने में दो वर्ष का समय लग जाता है। 2020-21 में वितरित ऋण के विरुद्ध 662 करोड़ रुपये अभी तक समितियों को नहीं मिले हैं। विभाग ने प्रस्तावित किया है कि जब तक ब्याज अनुदान का भुगतान नहीं होता है, उस अवधि का ब्याज भी दिया जाए ताकि संस्थाओं को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

### शर्तों के साथ शराब का स्टाक एक से दूसरी में किया जा सकेगा स्थानांतरित

आबकारी नीति 2022 में सरकार एक बार फिर संशोधन करने जा रही है। इसमें यह प्रविधान किया जा रहा है कि देशी या विदेशी शराब के स्टाक को एक से दूसरी दुकान में जिले के भीतर स्थानांतरित किया जा सकता है पर ठेकेदार उसी ब्रांड की शराब गोदाम से नहीं उठा सकेगा।

### इन प्रस्तावों को भी मिलेगी मंजूरी

कोरोना महामारी के कारण प्रदेश के निम्न आय वर्ग वाले घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिलों के भुगतान में आ रही परेशानी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री विद्युत बिलों में राहत योजना-2022 का अनुमोदन। 827 वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने के की स्वीकृति । सागर जिले की सोनपुर मध्यम और सूरजपुरा मध्यम सिंचाई परियोजना, भाम (राजगढ़) मध्यम सिंचाई परियोजना को पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति। सिंगरौली में खनन प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना के लिए 33 शैक्षणिक और 62 गैर शैक्षणिक पद बनाने की अनुमति ।

# महंगा हुआ विमान से सफर करना



## भोपाल से दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु तक स्पाट फेयर डेढ़ गुना बढ़ा

**भोपाल।** कोरोना संकट के कारण लगातार दो साल तक परेशानियों के दौर से गुजर चुकी एयरलाइंस कंपनियों के अच्छे दिन वापस आ गए हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। इसका असर किराये में बढ़ोतरी के रूप में नजर आने लगा है। भोपाल से दिल्ली, मुंबई सहित बड़े शहरों का स्पाट फेयर डेढ़ गुना तक बढ़ गया है। प्री-बुकिंग कराने पर यात्रियों को थोड़ी राहत मिल जाती है। कोरोना संकट के कारण एयरलाइंस कंपनियों को अपनी उड़ानों के फेरे कम करने पड़े थे। कुछ समय के लिए उड़ानें बंद भी करनी पड़ी थी। अब यह बीते दिनों की बात हो चुकी है। लोग परिवार के साथ घूमने निकल रहे हैं। विमान से सफर करना अब सामान्य बात होती जा रही है।

### उड़ानें कम होने से भी बढ़ा किराया

एयर इंडिया ने हाल ही में अपनी सुबह की दिल्ली एवं मुंबई उड़ान अस्थायी रूप से बंद कर दी है। दिल्ली से भोपाल आकर पुणे जाने वाली उड़ान भी एक माह के लिए बंद है। एक साथ तीन उड़ानें बंद होने के कारण सीटों की संख्या कम हुई है। इसका असर किराये में बढ़ोतरी के रूप में नजर आ रहा है। इस साल एयर टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के दाम भी बढ़े हैं। इस कारण भी कम किराये में सीट मिलना मुश्किल हो गई है। जिन शहरों तक एक ही उड़ान है वहां का किराया तो दो गुना तक बढ़ा दिया गया है।

### लो-फेयर स्कीम का लाभ नहीं मिल रहा

भोपाल से उड़ानों की सीमित संख्या के कारण अब यात्रियों को लो-फेयर स्कीम का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। ट्रेवल्स एजेंट ओमप्रकाश रीझवानी शेरू का कहना है कि एयर इंडिया की उड़ानें कम होने से टिकट महंगे हो गए हैं। अब एयरलाइंस कंपनियां लो-फेयर स्कीम भी कम समय के लिए लाती हैं। भोपाल के यात्रियों को इसका लाभ मुश्किल से ही मिल पाता है। सीटों की संख्या क

# एरोपोनिक पद्धति से उगाये जाएंगे आलू



## जमीन और मिट्टी की भी जरूरत नहीं

**ग्वालियर।** प्रदेश की पहली एरोपोनिक तकनीक की यूनिट ग्वालियर में स्थापित होगी। इसकी कागजी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, आज प्रदेश के उद्यानिकी विभाग और इसे तैयार करने वाली एग्रीनोवेट इंडिया लिमिटेड के बीच दिल्ली के कृषि भवन में इसके लिए करार होगा। इस तकनीक से आलू उगाने का फायदा ये है कि इसके लिए जमीन और मिट्टी की जरूरत नहीं होगी। आलू की खेती हवा में होगी और बीज भी तैयार किए जा सकेंगे। ग्वालियर में यूनिट स्थापित होने के बाद प्रदेश के किसानों को यहां से अलग-अलग किस्म के आलू, बीज और एरोपोनिक तकनीक सांझा की जाएगी। एरोपोनिक तकनीक का प्रयोग आलू बीज ट्यूबर के उत्पादन के लिए किया जाएगा। इस तकनीक से प्राप्त होने वाले पौधों का किसान बिना मिट्टी के भी फसल में उपयोग कर सकते हैं। इस तकनीक से फसल के उत्पादन में भी करीब 12 फीसद तक बढोत्तरी होगी।

# 8 मई को होगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव



**भोपाल ।** राज्य सरकार अब आठ मई को राज्य स्तरीय लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाएगी। कार्यक्रम मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पांच हजार से ज्यादा लाड़ली लक्ष्मी शामिल होंगी। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लाड़ली लक्ष्मी और उनके अभिभावक टीवी व मोबाइल फोन के माध्यम से जुड़ेंगे। ज्ञात हो कि इससे पहले यह कार्यक्रम दो मई को प्रस्तावित था, जो स्थगित कर दिया गया था। प्रदेश में पहली बार लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने डेढ़ महीने पहले इसकी घोषणा की थी। सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम पंचायत भवन, आगनबाड़ी केंद्रों में टीवी एवं जिला मुख्यालय पर एनआइसी कक्ष, सभागार, शहरी क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों, सामुदायिक भवनों में बड़ी स्क्रीन लगाकर लाड़ली लक्ष्मी और उनके अभिभावकों को कार्यक्रम से जोड़ा जाए। इस कार्यक्रम का प्रचार भी किया जाए।

### कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कलेक्टरों से बात करेंगे मुख्यमंत्री

लाड़ली लक्ष्मी उत्सव की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को सभी कलेक्टर से बात करेंगे। वे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों में की जा रही तैयारियों की जानकारी लेंगे और जरूरी निर्देश देंगे।

# भेल क्षेत्र की आधा दर्जन कालोनियों को नहीं मिल रही सड़क, पानी और बिजली की सुविधा



**भोपाल।** भेल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली करीब आधा दर्जन कॉलोनियों की जनता पेयजल, स्ट्रीट लाइट और सड़क निर्माण और सीवेज लाइन का लंबे समय से इंतजार कर रही है। बावड़िया कला, केएन प्रधान स्टेट, अधिष्ठान, जय भावानी फेस 2, चंद्रिका सोसायटी, ऋषि वैली और आईवीडी रायल कॉलोनी के रहवासी निगम प्रशासन से कई बार मांग कर चुके हैं, लेकिन उनकी मांगों पर नगर निगम द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बतादें कि उक्त कॉलोनियों में रहने वाले करीब 15 हजार से अधिक लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। उक्त कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को 10 साल से अधिक समय हो गया है। इसके बावजूद कई कॉलोनियों में पेजयल कनेक्शन नहीं हुए। लोग बोरिंग पर निर्भर है। सड़कों पर अंधेरा रहने के कारण शाम को लोग घरों में कैद हो जाते हैं। सड़कें कच्ची परेशानी का सबब बनी हुई हैं। इस कारण आए दिन वाहन चालक अनियंत्रित होकर घायल हो रहे हैं। इन तमाम परेशानियों से जूझ रहे लोग विधायक से भी गुहार लगा चुके हैं। इसके बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा। लोगों की परेशानियां दिनों दिन बढ़ती जा रही है। नगर निगम के जिम्मेदार अफसर उक्त कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की परेशानी समझ नहीं रहे।

# खाद्य विभाग ने D-MART से जब्त किया 42 लाख का खाद्य तेल




**भोपाल।** मध्यप्रदेश खाद्य तेल एवं तिलहन व्यापारी (नियंत्रण) आदेश 2022 के प्रावधानों का पालन नहीं करने वाले व्यापारियों के खिलाफ खाद्य विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। नई तेल और तिलहन भंडारण सीमा शुरू होने के बाद सोमवार को पहली कार्रवाई अयोध्या बायपास क्षेत्र में डीमार्ट पर की गई है। बता दें कि सरकार ने फुटकर व्यापारियों के लिए 30 क्विंटल और थोक व्यापारियों के लिए 500 क्विंटल तेल एवं तिलहन रखने की सीमा तय की है। जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति शाह नरवरिया ने बताया कि टीम द्वारा सोमवार को कल्पना नगर और अयोध्या बायपास क्षेत्र में विभिन्न थोक एवं फुटकर किराना - तेल व्यापारियों के दुकान व गोदाम की जांच की गई है। टीम ने अयोध्या बायपास स्थित डीमार्ट का निरीक्षण किया तो यहां 258 क्विंटल तेल रखा होना पाया गया। जो कि भंडारण क्षमता 30 क्विंटल से 228 क्विंटल ज्यादा है। जिसे टीम ने जब्त कर डी मार्ट पर कार्रवाई की है। जिसकी कीमत 42 लाख 38 हजार 368 रुपये है। इसके अलावा बेस्ट प्राइज करोंद में निरीक्षण किया तो वहां 456 क्विंटल खाद्य तेल का भंडारण मिला। जो नियम अनुसार 500 क्विंटल से कम था। इसी तरह रिलायंस स्मार्ट नरेला शंकरी में 22 क्विंटल, मेसर्स आदिनाथ किराना स्टोर्स 16 क्विंटल और ओम ट्रेडर्स कल्पना नगर में 5 क्विंटल तेल मिला। यहां पर फुटकर व्यापारी के लिए घोषित की गई सीमा के अनुसार 30 क्विंटल से कम खाद्य तेल का भंडारण मिला। साथ ही इन्हें टीम ने सलाह दी है कि तय सीमा के अनुसार ही तेल और तिलहन का भंडारण करें। तेल और तिलहन का भंडारण करने वाले थोक एवं फुटकर व्यापारियों का खाद्य - नापतौल विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण किया जाएगा।

# अक्षय तृतीया बालिकाओं ने गुड्डे गुडिया का किया विवाह वही बाजार में भी जमकर हुई खरीदी



गाडरवारा( यश भारत )।अक्षय तृतीया या आखा तीज वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को कहते हैं। पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार इस दिन जो भी शुभ कार्य किये जाते हैं, उनका अक्षय फल मिलता है। इसी कारण इसे अक्षय तृतीया कहा जाता है। वैसे तो सभी बारह महीनों की शुक्ल पक्षीय तृतीया शुभ होती है, किन्तु वैशाख माह की तिथि स्वयंसिद्ध मुहूर्तो में मानी गई है। अक्षय तृतीया का पर्व जिले में पारंपरिक ढंग से मनाया गया। जगह-जगह बालिकाओ ने गुड्डे और गुड़ियों की शादी रचाई। वहीं घड़ों की जमकर खरीददारी हुई। उधर सोने चांदी की खरीददारी पर महंगाई का असर दिखाई दिया।मान्यता है कि अक्षय तृतीया को विद्वान पंडित पुरोहित कोई लगन मुहूर्त नहीं देखते। ऐसी प्राचीन मान्यता शास्त्रों और वेदों में है कि आज का दिन हर प्रकार से शुभ होता है, जिसमें कन्याओं का विवाह हर दृष्टि ये शुभ होता है। अक्षय तृतीया के दिन शादियां बिना किसी बे-रोकटोक के की गयी हैं। छोटी-छोटी बालिकाएं बुंदेलखंडी भाषा में अख्ती का पर्व मानकर खेल खेल में गुड्डे और गुडियों का विवाह संपन्न कराती हैं। पूरे वर्ष में जिन कन्याओं के विवाह का मुहूर्त नहीं बनता, वे आज के दिन शुभ महूर्त का इंतजार करते हैं। आज के दिन ही सोना खरीदने का विशेष महत्व है। लोग सुख शांति समृद्धि का प्रतीक पीली धातु सोना को सामर्थ्य के अनुसार खरीदे गए। अनेक स्थानों पर सामुहिक विवाह सम्मेलनों का भी आयोजन किया गया

## अक्षय तृतीया पर घरों में हुआ मिट्टी के दुल्हा-दुल्हन का विवाह



सिहोरा- अक्षय तृतीया को स्वयंसिद्ध मुहूर्त रहता है। इस दिन शुभ कार्यों की धूम रहती है। जिसे स्वयं सिद्ध मुहूर्त के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन लोग विभिन्न धार्मिक, सामाजिक अनुष्ठानों का आयोजन करते हैं।मंगलवार को बच्चों ने अपने घरों के आंगन में मिट्टी के बने दूल्हा एवं दुल्हन की मूर्तियों की विवाह की रश्म अदायगी की। इसी कडी में गाँधीग्राम में घरों मे मिट्टी के बने दूल्हा-दुल्हन को आसन पर स्थापित कर,चौक पूरकर कलश स्थापित कर पूजा की उनको परिणय सूत्र का कपडा डाला।मिट्टी के गुड्डा-गुडियों को विवाह की रश्म अदायगी उपरांत मिट्टी के कलश में पानी भरकर उन्हें ऋतु फल ,अनाज के रूप में चने की दाल,आम व पकवान भेंट किये गए।इसके बाद कन्याओं ने भोजन ग्रहण किया।इस अवसर पर वंदना मिश्रा, निशि मिश्रा,अंजली असाटी,रश्मि मिश्रा,अंशिका असाटी,आयुषी असाटी,आर्यन असाटी,बलराम असाटी,हर्षिता मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## उडान ....छू लो आसमा का आयोजन 5 को

सिहोरा- शैक्षणिक सत्र 2021-22 में बारहवीं उत्तीण अनुसूचित जाती/अनुसूचित जनजाति अन्य पिछ?ा वर्ग,समान्य वर्ग के ऐसे आर्थिक रुप से कमजोर छात्र छात्रायों जो उच्च शिक्षा एंव कैरियर मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु 5 मई को शाम 4 बजे शासकीय पंडित विष्णुदत्त उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार कक्ष किया जाना है।

विभिन्न कैरियर आयाम एंव मार्गदर्शन हेतु तीन चरणो में उडान... छू लो आसमा का आयोजन स्व सेवा संयोजन समिति के तत्वावधान में किया जाना है जिसका प्रथम चरण 5 मई को रहेगा छात्र छात्राए उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है।



# ईद-उल-फितर पर ईदगाह, मस्जिदों में अदा हुई विशेष नमाज

## एक दुसरे को दी ईद की मुबारकबाद

सिहोरा। एक माह के रोजे के बाद अल्लाह तआला की तरफ से ईद के तोहफे को मुस्लिम भाईयों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। मंगलवार को सिहोरा और खितौला की मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। हाफिजों ने अपनी तकरीर में फरमाया कि देश में अमन-चैन और शांति बनी रहे यही दुआ हम अल्लाह से मांगते हैं। हिंदुस्तान में सभी धर्मों के लोग आपस में भाई-भाई हैं। सभी एक दुसरे को गले लगाकर दूरियां मिटाए और भाईचारा बढ़ाए। ईद के मुबारक मौके पर यही दुआ मांगते हैं।

### हजारों मुस्लिमों ने अदा की नमाज

खुशी के त्यौहार के नाम से जाने जाने वाली मीठी ईद में नए कपड़े पहनकर ईदगाह पहुंचे और नमाज अदा की। खितौला के सकरी मोहल्ला अली नगर ईदगाह में यूसुफ रजा, सिहोरा ईदगाह फजीरुदीन, आजाद चौक मस्जिद साकिर मिस्बाही, नूरी मस्जिद सूफी अबरार साहब, नया मोहल्ला मस्जिद तस्वीर रजा ने ईद की नमाज अदा कराई। नमाज अदा कर लौटे मुस्लिम भाइयों को सभी ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम आशीष पांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शिवेष सिंग बघेल, एसडीओपी भावना मरावी, नायब तहसीलदार रूबी खान, टीआई गिरीश धुर्वे मौजूद रहे।

# बीमारी बताकर ऑफिस से छुट्टी लेकर बाबू कर रहे गेहूं की खरीदी

सिहोरा- अप्रैल माह के शुरुआती हफ्ते से शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की सरकारी खरीदी की जा रही है। इस बार शासन ने गेहूं की सरकारी खरीदी सायलो बैग और वेयरहाउस में शुरू की है ताकि शासन को परिवहन का खर्च न उठाना पड़े। साथ ही इस बार शासन ने वेयरहाउस मालिकों को ही खरीदी का जिम्मा सौंप दिया है। शासन की इस नीति का फायदा खुलेआम वेयरहाउस मालिक उठा रहे हैं किसानों से प्रति क्विंटल 2 किलो अधिक गेहूं तो दिया ही आ जा रहा है साथ ही किसानों से अतिरिक्त राशि भी वसूली जा रही है वही जिम्मेदार अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे।

**सिहोरा के गौरहा स्थित श्रीवारि वेयर हाउस का मामला**

ताजा मामला सिहोरा से सात किलोमीटर दूर गौरहा का है। जानकारी के मुताबिक यहां स्थित श्री वारि वेयर हाउस के संचालक पान उमरिया पोस्ट ऑफिस में डाक सहायक के पद पर पदस्थ हैं। गेहूं की खरीदी के लिए उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को स्वास्थ्य खराब होने का आवेदन दिया था जिसके करीब 1 माह हो चुके हैं। लेकिन स्वास्थ्य खराब होने की बात से इधर संबंधित व्यक्ति गौरहा स्थित वेयरहाउस में एक माह से बाकायदा खरीदी कर रहा है। जो कि शासकीय कर्मचारी के नियम के विपरीत है। सूत्रों की मानें तो यहां भी किसानों से बकायदा प्रति क्विंटल 2 किलो अधिक गेहूं लिया जा रहा है साथ ही अतिरिक्त राशि भी। डाक विभाग के प्रवर डाक अधीक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारियों से अपेक्षा है कि इस तरह के कर्मचारी पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए जो कि स्वास्थ्य खराब होने का अवकाश देने के बाद बाकायदा अपने वेयरहाउस में खरीदी कर रहा है। सब पोस्ट मास्टर पान उमरिया रविकांत आर्मो ने बताया कि डाक सहायक बीमार होने के चलते लगभग एक माह से छुट्टी पर है।

# एकजुटता से ही होगा समाज का विकास

## ब्राह्मण समाज सिहोरा ने मनाई परशुराम जयंती





सिहोरा । विप्र कुल वंशज भगवान परशुराम का अवतरण दिवस आज ब्राह्मण समाज सिहोरा के तत्वावधान में बखरी के पास स्थित पंडित विशुद्धानंद पांडे ब्राह्मण समाज भवन में सभी विप्रजनों ने एकत्र होकर उत्साह पूर्वक मनाया।सुबह सबसे पहले आचार्य पंडित ब्रजकिशोर गर्ग,लखन लाल मिश्रा ने पूर्ण विधिविधान से मंत्रोच्चारण के बीच भगवान परशुराम का पूजन अर्चन कराया तदपश्चात समाज के संरक्षक नंदकुमार परौहा,अश्वनी कुमार पाठक,अध्यक्ष राकेश पाठक,हीराधर बडगैया,एम एल गौतम,शिशिर पांडे,नरेन्द्र त्रिपाठी, राजेंद्र गर्ग,शारदा प्रसाद प्यासी सहित अन्य विप्रो ने अपने उदबोधन में परशुराम जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा की समाज में एकजुटता से ही इसका विकास संभव है। विदित हो की सिहोरा ब्राह्मण समाज का गठन 2007 हुआ था तब से लेकर अभी तक प्रतिभा सम्मान,वरिष्ठ नागरिको का सम्मान ,यज्ञोपवीत उपनयन संस्कार सहित अनेक आयोजन अनवरत समाज द्वारा किये जा रहे है इसके अलावा भी अनेक समाजिक कार्य भी ब्राह्मण समाज सिहोरा एंव युवा मंडल द्वारा लगातार किए जा रहे है। जिससे समाज में एक नई चेतना का संचार हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक दिलीप दुबे,संरक्षक जयप्रकाश दुबे,महामंत्री प्रवीण कुररिया,गोपाल पाठक, अशोक उपाध्याय,अनिरुद्ध त्रिवेदी, सुरेंद्र तिवारी, राजेश मिश्रा,अनिल कुररिया,रवि दुबे,नरेन्द्र खम्परिया,सुनील तिवारी नंदू,अंकित तिवारी,माधव मिश्रा,अवधेश दुबे,सुरज प्रसाद पाठक,नारायण तिवारी,आलोक पांडे, शैलेन्द्र दुबे,प्रशांत परौहा,संदीप तिवारी,सुनील तिवारी शिक्षक,मुरारी लाल पांडे, ललित पांडे,सतेन्द्र तिवारी,शंशाक तिवारी,राजू तिवारी, कपिल गर्ग,नवनीत शुक्ला, रामलखन दुबे,रमाकांत पाठक,राघवेन्द्र पौराणिक,श्रवण पाठक,अनुराग गर्ग,प्रदीप त्रिपाठी, विजय तिवारी,सुनील बडगैया,सोनू मिश्रा, जे के मिश्रा,अशोक प्यासी,प्रमोद गर्ग,सुरेन्द्र पांडे,कुलदीप उपाध्याय,राकेश पांडे,संतोष उरमलिया,अमिताभ मिश्रा,के डी तिवारी, अतुल कुमार द्विवेदी, जीवेश मिश्रा,के एम तिवारी, राजेंद्र प्रसाद तिवारी,सुरेंद्र पांडे,भूपति कुमार पाठक,राकेश पांडे,राकेश कुररिया,उमाशंकर गौतम,आर पी तिवारी,आर आर गौतम सहित अनेक विप्रजन उपस्थित थे अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

## परशुराम जयंती के जयंती रैली का अनेक स्थानों पर हुआ स्वागत



गाडरवारा(यश भारत) नगर में परशुराम जयंती के अवसर पर प्रशासन द्वारा रैली का आयोजन किया गया है वह रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए डमरू घाटी शिवधाम पर पूजन करने पहुंचे इस मौके पर शहर के अनेक स्थानों पर रैली के स्वागत में शरबत पानी प्रसादी का वितरण किया गया व भगवान परशुराम की जय जयकार के नारे से शहर गुंजायमान हो गया इसी क्रम में नए बस स्टैंड के पास भगवान परशुराम के प्राकट्योत्सव अवसर पर वाहन रैली का स्वागत सभी युवा साथियो ने पुष्प वर्षा कर किया व भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा कैे कार्यकर्ताओं ने गर्मी से राहत के लिए शरबत का वितरण किया इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रियांक जैन जिला महामंत्री दिनेश गुर्जर प्रियेश जैन युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्री आशीष राजपूत ,चौगान मण्डल अध्यक्ष अशोक भार्गव, चंद्रपाल राजपूत,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सोनू पटेल,उत्सव गुप्ता श्याम वैष्णव,श्री काके गंगापारी, आभाष कौरव सहित बडी संख्या में युवा उपस्थित रहे

# सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाई गई ईद



## गले मिलकर दी एक दूसरे को ईद की मुबारक बाद

गाडरवारा( यश भारत ) नगर में ईद उल फितर मीठी ईद पर खुशी का माहौल नजर आया ईद का त्यौहार सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाया गया लोगों ने एक दूसरे से गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दी द्य ईदगाह में इस्तकबाल के लिए स्वागत द्वार लगाए गए थे जगह जगह ईद की बधाई एवं शुभकामना के फ्लेक्स लगे हुए थे राजीव वार्ड स्थित ईदगाह में सुबह 8ः30 बजे सामूहिक रूप से ईद की नमाज हाफिज जुबेर आलम ने पढ़ाकर वतन की तरक्की खुशहाली अमन चैन शांति एकता भाईचारे के लिए दुआ मांगी द्य सुबह से ही ईदगाह जाने वाले मार्ग पर चहल-पहल नजर आने लगी थी मुस्लिम समुदाय के लोग नए-नए वस्त्र पहनकर ईद की नमाज पढ़ने के लिए ईदगाह पहुंचे द्य दुआ के पश्चात सभी लोग कब्रिस्तान पहुचे वहा पर फूल इत्र पेश कर मरहूमो के हक में दुआएं खेर की द्य इसके बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी द्य ईद उल फितर मीठी ईद के मौके खासकर बच्चों मे एक अलग उमंग और एक जज्बा दिखाई दे रहा था बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे ।

कोरोना कॉल के बाद 2 साल बाद ईदगाह में हुई नमाज के दौरान लोगों के अंदर काफी उत्साह देखा गया नगर में दिनभर एक दूसरे को गले मिलकर बधाई देने का सिलसिला चलता रहा ईदगाह के अलावा जामा मस्जिद शुक्रवारा बाजार छोटी मस्जिद पानी की टंकी के पास फैजाने मदीना मस्जिद बड़े बली मैं भी ईद की नमाज अदा की गई द्य मस्जिदों के पास एवं ईदगाह जाने वाले रास्ते पर पुलिस बल ने तैनात रहकर यातायात व्यवस्थित बनाए रखा नगर पालिका परिषद द्वारा साफ सफाई के साथ चूने की लाइन डाली गई थी लोगों ने दूसरे के घर जाकर ईद की मुबारकबाद दी और ईद की सेवइयां का आनंद लिया एकता भाईचारे के साथ हिंदू मुस्लिम भाइयों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाइयां दी द्य ईदगाह के समक्ष के नगर निरीक्षक राजपाल बघेल तहसीलदार राजेश मरावी सहित राजस्व विभाग नगरपालिका के कर्मचारी पुलिस बल मौजूद रहा द्य राजनीतिक दलों के लोगों ने भी पहुंचकर ईदगाह के समक्ष मुस्लिम भाइयों का इस्तकबाल किया और गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दी इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष अशोक काबरा एच बी रफीक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जिनेश जैन किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उमा गुप्ता कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष रूपेश राय शरद साहू महमूद पहलवान आशिक अली आयुष जैन सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने ईद की मुबारकबाद देते हुए प्रशासनिक सहयोग के प्रति आभार जताया ।

# सिहोरा बीईओ धमका रहे कर्मचारियों को: आरोप

जबलपुर । मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक योगेन्द्र दुबे जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय ने पंडित विष्णुदत्त शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा के प्राचार्य अशोक उपाध्याय पर आरोप लगाया है कि वह कर्मचारियों के वेतन निर्धारण ,रिटायर कर्मी के पेंसन प्रकरण तैयार कर कोसलय भेजने, समय मान वेतन निर्धारण,रिटायर कर्मी को लीव इन केसमेन्ट, महँगाई भत्ते और वेतन वृद्धि के एरियस देने में भेद- भाव ,मासिक वेतन पर्ची न देने,सेवा पुस्तिकाओं में सेवा सत्यापन ना करने, जी पी एफ पासबुकों में माह वार राशि जमा ना करने ,भविष्य निधि अग्रिमों के देयक,मासिक बेतन समय पर जनरेट ना कर सरकार की छवि खराब कर कर्मचारियों का शोषण कर रहे है। बी. ई .ओ. अशोक उपाध्याय शिकायत करने वाले कर्मचारियों को धमका रहे है। शिकायत वापिस ना लेने पर अपने गुर्गों से धमकियाँ दिलवा रहे है। संभागीय आयुक्त, कलेक्टर जबलपुर को की गई शिकायतों को वापस लेने दबाव दे रहे है,शिकायत करने वाले रिटायर कर्मचारियों को देख लेने की धमकी दे रहे है। कर्मचारियों को धमकी दे रहे कि क्या कर लिया शिकायत करके,क्या बिगाड़ लिया, शिक्षा अधिकारी मेरे साथ रात को बैठ कर खाता पीता है । मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के साथ प्रताड़ित कर्मचारियों ने पत्र क्रमांक 38/जबलपुर दिनाँक 25 मार्च को एक शिकायत कलेक्टर जबलपुर को देकर कार्यवाही की मांग की थी । बी ई ओ सिहोरा श्री अशोक उपाध्याय का संलाग्नि करण समाप्त नही हुआ। शिकायत को दबवाने वह अलग अलग हथकंडे अपना रहे है। शासन के आदेशानुसार संलग्नीकरण नहीं किया जाना है। फिर भी दो जगह का प्रभार दिया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है 147 प्रायमरी स्कूल,85 माध्यमिक शासकीय शालाएँ तथा 13 हायर और हाई स्कूल जो 30 से 40 किलोमीटर की दूरी पर है यहाँ की देख रेख शासन की मंशा के अनुसार नहीं हो पा रही है। दोहरे प्रभार के कारण 20 कर्मचारियों का स्टाफ भी प्राचार्य बिहीन शाला से नदारत रहता है। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, यू एस करोसिया,संजय गुजराल,रविकांत दहायत, नरेश शुक्ला, प्रसांत सोधिया,संतोष मिश्रा, योगेस चौधरी, राजेन्द्र तेकाम,विश्वदीप पटेरिया,देव दोनेरिया, एस के बांदिल, धीरेंद्र सिंह,मुकेश मरकाम,प्रदीप पटेल,आलोक अग्निहोत्री, मुकेश चतुर्वेदी,अजय दुबे, पी एल गौतम,मनोज खन्ना, चंदू जाऊलकर,मंसूर वेग,ए के प्यासी ने सिहोरा बीईओ को हटाकर नियमित बीईओ की पद स्थापना करने की माँग के साथ,सरकारी आदेस का उलघन करने वाले बी. ई. ओ .अशोक उपाध्याय और जिलाशिक्षा अधिकारी को तत्काल निलंबित करने की माँग की है।

# हाईवे सड़क के बीचो बीच पड़ी हुई गिट्टी दे रही दुर्घटना को आमंत्रण



गाडरवारा (यश भारत)बिल्डिंग मटेरियल परिवहन करते वाहन सड़कों पर मटेरियल कराते हुए जाते हैं जिसस सड़कों पर यह मटेरियल जमा होता रहता है जिसके चलते अनेक लोग दुर्घटनाओं का भी शिकार हो जाते हैं उसी का एक उदाहरण जबलपुर भोपाल हाईवे गाडरवारा महाराणा प्रताप कॉलेज बाईपास सर देखा गया जहां पर अत्यधिक मात्रा में गिट्टी हाईवे सड़क के बीचो बीच पड़ी हुई है गिट्टी पर से दुपहिया वाहनों के फिसलने का खतरा अत्यधिक है मटेरियल सप्लाई करने वाले इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे यह जनहानि का बडा कारण बन सकता है ।

# शक्ति पम्प्स ने अपनी शुरूआत के बाद पहली बार अब तक का अधिकतम 10 बिलियन से अधिक राजस्व दर्ज किया



एजेंसी। भारत में सोलर पम्पसए स्टेनलैस. स्टील सबमर्सिबल पम्पए प्रेशर बूस्टर पम्प, पम्प.मोटर्स कंट्रोलर, इन्वर्टर आदि के अग्रणी निर्माता शक्ति पम्प्स ;इंडियाद्ध लिमिटेड एसपीआईएल ने31 मार्च 2022 को समाप्त होने वाली चौथी तिमाही एवं पूर्ण वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी के परिणामों पर बात करते हुए दिनेश पाटीदार चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टरए शक्ति पम्प्स ;इंडिया लिमिटेड ने कहा . मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है कि शक्ति पम्प्स ने अपनी शुरूआत के बाद से पहली बार 10 बिलियन से अधिक के राजस्व की उपलब्धि हासिल की है। यह इनोवेशन एवं आधुनिक तकनीक के विकास की दिशा में हमारी टीम द्वारा एकजुटता के साथ किए गए प्रयासों की पुष्टि करता है। वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही में सरकार की कुसुम योजना के कार्यान्वयन के साथ हमने राजस्व में अच्छा प्रदर्शन किया है। पूरे वित्तीय वर्ष 22 के रूझान भी कुछ ऐसे ही रहेए जहां राजस्व में 26.8 फीसदी साल.दर.साल बढोतरी दर्ज की गईय अब तक का सबसे अधिक रु 11,785 मिलियन का राजस्व दर्ज किया गया। इसके अलावा मुद्रास्फीति का प्रभाव ऑपरेटिंग मार्जिन पर पढाए जिसके चलते मुनाफे में कमी आई। उन्होंने अपनी बात को जारी रखते हुए कहाए श्सरकार नवीकरणीय उर्जा पर ध्यान केन्द्रित कर रही हैए खासतौर पर सौर उर्जा को बढावा देने के लिए कुसुम योजना के दूसरे चरण की शुरूआत की जा चुकी है। ऐसे में आने वाले समय में कंपनी का विकास होना तय है। हमारा मानना है कि आधुनिक तकनीकों एवं नए उत्पादों ;जैसे ऑटोमेटिक स्ट्रक्रए युनिवर्सल सोलर पम्प कंट्रोलर एवं छोटे स्ट्रक्र पम्पद्ध के साथ आने वाले समय में हमारे रिटेल और निर्यात कारोबार में बढोतरी होगी तथा कंपनी आने वाले समय में राजस्व एवं ऑपरेटिंग मार्जिन में लगातार बढोतरी दर्ज करेगी।

# जबलपुर श्री केशरी कुश्ती प्रतियोगिता का समापन



जबलपुर। स्व बाबू लाल जी की स्मृति में एवं जिला कुश्ती संघ क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में आयोजित जबलपुर श्री केशरी कुश्ती प्रतियोगिता का समापन पर डॉ. पाण्डेय अस्पताल के सामने व्यौहारबाग में मुख्य अतिथि विधायक विनय सक्सेना, जय घनघोरिया, उमाशंकर पटेल (विश्वामित्र अवार्डी) अर्जुन यादव (इंडियन स्टाईल म.प्र. कुश्ती संघ सचिव), संतोष पहलवान, रतन पहलवान, दशरथ पहलवान का स्वागत कमेटी के जगदीश, अशोक, विनोद, सुरेश, राकेश, बंटी ने अतिथिजनों को पगड़ी बंधन कर माला पहनाकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका, प्रवीण पाण्डेय, रंजीत, पवन चक्रवर्ती, चंदन चक्रवर्ती, जितेन्द्र, राजेश राजपूत बड़ी सूझबूझ से निमाया जिला कुश्ती संघ के रामदत्त शुक्ला ने बताया कि इस प्रतियोगिता में ओलम्पिक पद्धति के आधार पर कुश्तियाँ संचालित की गई। इन कुश्तियों में नए एवं पुराने दांव-पेंचों को देखकर जनता का मन मोह लिया। मंच का संचालन मध्य प्रदेश तैराकी संघ के सहसचिव सुनील पटेल ने किया। इस प्रतियोगिता में पहलवानों के परिणाम इस प्रकार रहे। पुरुष वर्ग- ( 40 कि.ग्रा.) प्रथम सुरेन्द्र सिंह (बरगी) द्वितीय सिद्धार्थ सिंह (गिरधारी उस्ताद) तृतीय- तरूण सोनकर (बुद्धे गौड़) पुरुष वर्ग- ( 45 कि.ग्रा.) प्रथम विवेक वंशकार द्वितीय- अमन चक्रवर्ती (बुद्धे गौड़) तृतीय - राजा पासी (मेंहगू उस्ताद ) पुरूष वर्ग - ( 50 कि.ग्रा.) प्रथम- गोलू बेन (तुलाराम उस्ताद) द्वितीय- अभिषेक वंशकार (बुद्धे गौड़) तृतीय- सत्या वंशकार (बुद्धे गौड़) पुरुष वर्ग - ( 55 कि.ग्रा.) प्रथम- पवन कुमार (मेंहगू) द्वितीय विशाल चक्रवर्ती (बुद्धे गौड़) तृतीय- धर्मेन्द्र वंशकार (गरीबदास उस्ताद) पुरुष वर्ग- (60 कि.ग्रा.) प्रथम फैजल राईन (शेर खान) द्वितीय विवेक सिंह (गंगा प्रसाद) तृतीय- साकेत चक्रवर्ती (बुद्धे गौड़) पुरुष वर्ग- ( 55 कि.ग्रा.) प्रथम करण चक्रवर्ती ( धनपत सिंह) द्वितीय- सौम्या सोनकर (महमूद) तृतीय- अवध केशरवानी (दत्तू खां, मंगल खां ) पुरुष वर्ग (70 कि.ग्रा.) प्रथम- मनीष सोनकर ( मेहमूद ) द्वितीय- अच्छे चक्रवर्ती (गिरधारी) तृतीय- सौम्या सोनकर (मेहमूद) महिला वर्ग- ( 50 कि.ग्रा.) प्रथम मिहिका सोनकर (मेहमूद) द्वितीय रमा सोनकर (शिवचरण) महिला वर्ग- (+ 55 कि.ग्रा.) इस भार वर्ग में मात्र पवि चंद्रवंशी एकमात्र पहलवान ने अपना वजन दिया। जिसके परिप्रेक्ष्य में प्रथम पुरुस्कार भेंट कर प्रथम पुरस्कार दिया।

## जिला कुश्ती टीम में चयन के लिए खिलाड़ी आज करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन

जबलपुर। 15 वर्षीय राज्य कुश्ती चयन प्रतियोगिता के लिए जबलपुर जिला कुश्ती टीम का चयन आज जगदीश मंदिर स्थित सरस्वती स्कूल गढ़ाफाटक में शाम बजे से किया जाएगा। टीम में शामिल होने के लिए यहां खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला कुश?ती संघ के सचिव रामदत्त शुक्ला ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी की आयु वर्ष 2007-2008 (14 से 15) वर्ष होनी चाहिए। प्रतिभागी को अपनी आयु के सत?यापन के लिए अपने साथ मूल प्रतिलिपि लानी होगी।

# मजदूर दिवस पर मजदूरों का किया सम्मान



गाडरवारा। विधानसभा के पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटैल ने मजदूर दिवस पर मजदूरों को पार्टी स्मृति छायाचित्र गमछा,भेंट कर तिलक लगाकर व फूलमाला पहनाकर मजदूरों का सम्मान किया पूर्व विधायक गोविंद सिंह ने कहा हर ईमारत को ख?ा करने में सबसे अहम भूमिका निभाने वाले इस मेहनतकश मजदूर को सम्मानित करना हम सभी का सौभाग्य है सभी मेहनतकश मजदूर भाइयों के परिवार की उन्नति के लिए देश और प्रदेश की भाजपा सरकार अनेक कल्याण कारी योजनाएं संचालित कर रही है और हर विषम परिस्थिति में मजदूरों की ?ुशीहाली के लिए उन्नत कार्य कर रही है एवं आप सभी के सहयोग से ही पार्टी इस मुकाम पर पहुँची है खास बात यह रही कि आज पूर्व विधायक का जन्मदिन भी रहा ।






# युवराज-गेल का रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए लियाम लिविंगस्टोन

## लगाया इस सीजन का सबसे लंबा छक्का












आईपीएल 2022 के 48वें मैच में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को आठ विकेट से हरा दिया। इस मैच में पंजाब के विस्फोटक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। 16वें ओवर में मोहम्मद शमी की छह गेंदों पर उन्होंने 28 रन बटोरे और इसी ओवर में मैच खत्म कर दिया। इस दौरान लिविंगस्टोन ने इस सीजन का सबसे लंबा छक्का भी जड़ दिया। हालांकि, वह युवराज सिंह और क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए। 16वें ओवर में शमी की पहली गेंद, जो कि एक लेंथ बॉल थी, उस पर लिविंगस्टोन ने डीप स्क्वायर लेग के ऊपर से 117 मीटर लंबा छक्का लगाया। यह इस सीजन अब तक का सबसे लंबा छक्का है। इससे पहले यह रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस के डेवाल्ड ब्रेविस के नाम था। उन्होंने 112 मीटर लंबा छक्का लगाया था। वहीं, इस सीजन के सबसे लंबे पांच छक्के में से लिविंगस्टोन के नाम तीन छक्के हैं। 117 मीटर के अलावा उन्होंने आईपीएल 2022 में 108 मीटर और 106 मीटर का छक्का भी लगाया है।

### ओवरऑल लीग के सबसे लंबे छक्के

ओवरऑल आईपीएल की बात की जाए तो लिविंगस्टोन का छक्का आठवें नंबर पर है। सभी सीजन को मिलाकर लीग में सबसे लंबा छक्का लगाने का रिकॉर्ड चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व ऑलराउंडर एल्बी मॉर्कल के नाम है। उन्होंने 125 मीटर लंबा छक्का लगाया था। वहीं, प्रवीण कुमार 124 मीटर और एडम गिलक्रिस्ट 122 मीटर लंबे शॉट के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। ओवरऑल लीग में सबसे लंबे छक्के लगाने के मामले टॉप-10 में सबसे ज्यादा चार भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के दो, जबकि न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड का एक-एक खिलाड़ी शामिल है। लिविंगस्टोन के छक्का लगाने पर बाकी खिलाड़ियों का रिएक्शन कुछ ऐसा था

### क्या रहा मैच का हाल?

मैच की बात करें तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 143 रन बनाए। साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 65 रन की पारी खेली। जवाब में पंजाब किंग्स ने 16 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। शिखर धवन ने 62 नाबाद रन की पारी खेली, जबकि भानुका राजपक्षे ने 28 गेंदों पर 40 रन बनाए। पंजाब के कगिसो रबाडा को चार विकेट झटकने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।





# पंजाब किंग्स ने रोका गुजरात टाइटंस का विजय रथ

### आठ विकेट से हराया, 96 गेंदों में हासिल किया लक्ष्य

पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आठ विकेट से एकतरफा जीत हासिल की। पंजाब ने गुजरात के 144 रन के लक्ष्य को दो विकेट खोकर और 24 गेंद बाकी रहते हुए हासिल कर लिया। पंजाब की यह पांचवीं जीत है और वह अब अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आठ विकेट से एकतरफा जीत हासिल की। पंजाब ने गुजरात के 144 रन के लक्ष्य को दो विकेट खोकर और 24 गेंद बाकी रहते हुए हासिल कर लिया। पंजाब की यह पांचवीं जीत है और वह अब अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। वहीं गुजरात को सीजन की दूसरी हार का सामना करना पड़ा है। पंजाब की तरफ से शिखर धवन 53 गेंदों में 62 और लियाम लिविंगस्टोन 10 गेंदों में 30 रन बनाकर नाबाद रहे। इनके अलावा भानुका राजपक्षा ने 28 गेंदों में 40 रन बनाए। लियाम लिविंगस्टोन ने मोहम्मद शमी के आखिरी ओवर में 28 रन बनाकर मैच खत्म कर दिया। लिविंगस्टोन ने 16वें ओवर में शमी को लगातार तीन छक्के लगाए और फिर दो चौके भी जड़े। राशिद खान का चार ओवर का कोटा पूरा हो चुका है। वह आज के मैच में एक भी विकेट नहीं निकाल पाए और खाली हाथ रहे। पंजाब को अब जीत के लिए 30 गेंदों में 27 रन की जरुरत है। 15 ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोरः 117/2, शिखर धवन (62*), लियम लिविंगस्टोन (2*)

# उत्तर प्रदेश के शहरों के नाम पर आधारित है ये फिल्में- सीरीज

टेलीविजन से लेकर फिल्मों और अब सीरीज तक दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के लिए मेकर्स लगातार तरह-तरह के कंटेंट दर्शकों को दे रहे हैं। रोमांस, कॉमेडी, हॉरर, थ्रिल और क्राइम बेस्ज कई फिल्में, सीरियल और सीरीज मौजूद है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई फिल्में और सीरीज ऐसी भी हैं, जो देश के सबसे ज्यादा जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश के शहरों पर आधारित है। उत्तर प्रदेश के गैंगस्टर और अपराधों पर बनी फिल्में और सीरीज तो आपने कई बार देखी या सुनी होगी। लेकिन आज हम आपको उन फिल्मों और सीरीज के बारे में बताएंगे, जिनके उत्तर प्रदेश के शहरों पर रखा गया है।

### बरेली की बर्फी

आयुष्मान खुराना, कृति सेनन और राजकुमार राव स्टारर इस फिल्म का नाम उत्तर प्रदेश के शहर बरेली पर रखा गया है। फिल्म में आयुष्मान खुराना और कृति सेनन की लव स्टोरी को बेहद मजेदार तरीके से फिल्माया गया है।

### अलीगढ़

हंसल मेहता द्वारा निर्देशित इस फिल्म में मनोज बाजपेयी और राजकुमार राव मुख्य किरदार में नजर आए थे। यूपी के शहर अलीगढ़ के नाम पर बनी इस फिल्म की कहानी श्रीनिवास रामचन्द्र सिरस के जीवन ईर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें समलैंगिक होने के कारण नौकरी से निकाल दिया गया था।

### जिला गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के मशहूर शहर गाजियाबाद के नाम पर रखी इस फिल्म में गैंग-वार की कहानी दिखाई गई है। फिल्म में अशरद वारसी और संजय दत्त बतौर मुख्य कलाकार नजर आए हैं।

### मुंबई-वाराणसी एक्सप्रेस

30 मिनट की ये शार्ट इस फिल्म का नाम उत्तर प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध शहर वाराणसी यानी बनारस के रखा गया है। इस फिल्म में जीवन, मृत्यु और मोक्ष को बहुत अच्छे से दिखाया गया है।




# ऋषि धवन ने पावरप्ले में ही पलट दिया मैच

आईपीएल 2022 के 48वें मैच में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को आठ विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम पहली बार लड़खड़ाई और 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 143 रन ही बना सकी। जवाब में पंजाब ने 16 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। लगातार पांच मैच जीतने के बाद यह गुजरात की पहली हार रही। टीम अब भी 10 में से आठ मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पर है। वहीं, पंजाब की टीम 10 में से पांच मैच जीतकर पांचवें स्थान पर है। इस मैच में पंजाब का असली दमखम देखने को मिला। चाहे गेंदबाजी हो या बल्लेबाजी या फिर फील्डिंग, पंजाब के खिलाड़ियों ने कहीं चूक नहीं की। 2016 के बाद पहली बार आईपीएल खेल रहे ऑलराउंडर ऋषि धवन ने पावरप्ले में ही मैच पलट दिया। उन्होंने गुजरात की पारी के तीसरे ओवर में शानदार थ्रो पर शुभमन गिल को रन आउट किया। गिल नौ रन ही बना सके। इस झटके से गुजरात की टीम उबर नहीं पाई। इसके बाद कगिसो रबाडा की तूफानी गेंदबाजी देखने को मिली और उन्होंने चार विकेट लेकर गुजरात को कम स्कोर ही बनाने दिया।

### डेथ ओवर में रबाडा ने बरपाया कहर

# यश राज फिल्म्स ने पृथ्वीराज का पोस्टर साझा कर मनाया जश्न




ऐसा कोई जॉनर नहीं है, जिसमें अक्षय कुमार ने काम नहीं किया हो। बॉलीवुड जैसे कठिन क्षेत्र में 30 साल तक खुद को बनाए रखना, और हर शैली में अपनी पहचान बनाना आसान काम नहीं है। फिल्म %सौगंध% (1991) से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने से लेकर खिलाड़ी फ्रैंचाइजी में एक्शन, हेरा फेरी में कॉमेडी, टॉयलेटः एक प्रेम कथा में महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाने तक अक्षय कुमार ने हर बार अपनी फिल्मों से लोगों को सरप्राइज दिया है। लेकिन इस बार वायआरएफ ने अभिनेता के सिनेमा में 30 साल पूरा होने पर उन्हें सरप्राइज दिया है। दरसअल, वायआरएफ ने अक्षय कुमार की आगामी फिल्म पृथ्वीराज का नया पोस्टर साझा कर अभिनेता के 30 सालों का जश्न मनाया है। वायआरएफ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो भी साझा किया है। इस वीडियो में अक्षय की हर एक फिल्म का दृश्य दिखाया गया है! इस वीडियो को शेयर करते हुए यश राज फिल्म ने लिखा, %सिनेमा में अक्षय कुमार के 30 साल पूरे होने का जश्न मना रहा हैं! अनावरण वीडियो अभी देखें! 3 जून को केवल अपने नजदीकी थिएटर में यश राज फिल्म के साथ सम्राट पृथ्वीराज चौहान का जश्न मनाएं।

### अक्षय कुमार ने दी प्रतिक्रिया

अक्षय कुमार ने कहा, यह मेरे दिमाग में आया ही नहीं था कि यह गतिविधि सिनेमा में मेरे 30 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए हो रही है। यह दिलचस्प है कि मेरी पहली फिल्म सौगंध को 30 साल बीत चुके हैं! मेरे फिल्मी करियर का पहला शॉट ऊटी में था और यह एक एक्शन शॉट था! इस भाव के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। ये वाकई खास है।

### पृथ्वीराज के बारे में

बता दें कि सुपरस्टार अक्षय कुमार की आगामी फिल्म पृथ्वीराज निडर और पराक्रमी सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जीवन और वीरता पर आधारित है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, उस महान योद्धा की भूमिका निभा रहे हैं, जिसने घोर के बेरहम आक्रमणकारी मुहम्मद के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी थी।

# यश की फिल्म ने लहराया साउथ सिनेमा का परचम

### रीजनल के साथ-साथ वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर भी बनाए कई रिकॉर्ड्स




कन्नड़ सुपरस्टार यश की फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 ने भारत के साथ-साथ वर्ल्डवाइड कलेक्शन में भी कई रिकॉर्ड्स तोड़ दिए हैं। भारत में अब तक 750.82 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली यह फिल्म वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। इसके साथ ही एस एस राजामौली की आरआरआर, प्रभास की बाहुबली 2 और आमिर खान की दंगल के बाद प्रशांत नील की केजीएफ-2, 1000 करोड़ का कारोबार करने वाली चौथी भारतीय फिल्म बन गई है। गौरतलब है कि 1000 करोड़ के क्लब में प्रवेश लेने वाली इन चारों फिल्मों में से तीन फिल्में साउथ की हैं, जबकि बॉलीवुड की सिर्फ दंगल ही ये आंकड़ा पार कर सकी है।इतना ही नहीं, केजीएफ के दूसरे भाग ने अपने नाम कई अन्य रिकॉर्ड्स भी किए हैं।

### 1. 1000 करोड़ के क्लब में प्रवेश लेने वाली चौथी फिल्म

एस एस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने रिलीज के 16 दिनों बाद वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था। इत्तेफाकन, प्रशांत नील की फिल्म केजीएफ-चैप्टर 2 ने भी 16वें दिन ही 1000 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री ली। अब यह फिल्म आरआरआर, बाहुबली 2 और दंगल के बाद 1000 करोड़ से ज्यादा की कमाई करने वाली चौथी फिल्म बन गई है। फिल्म वर्ल्डवाइड कलेक्शन- दंगल 2024 करोड़ रुपये, बाहुबली 2 1810 करोड़ रुपये, आरआरआर, 1115 करोड़ रुपये, केजीएफ-चैप्टर 21000 करोड़ रुपये, केजीएफ 2, बाहुबली 2

# 26/11 में शहीद हुए मेजर संदीप की कहानी बयां करेगी फिल्म मेजर







लंबे समय से दर्शक मेजर फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। कोरोना महामारी के चलते रिलीज डेट में हुए बदलाव के बाद फिल्म अब 27 मई को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का टीजर 2021 में ही रिलीज कर दिया गया था और पिछले साल यह फिल्म कोरोना के चलते रिलीज नहीं हो पाई थी। वहीं, अब फिल्म के ट्रेलर को लेकर जानकारी सामने आई है। ये फिल्म 26/11 में मुंबई के ताज होटल में हुए आतंकी हमलों पर बनी है। इस फिल्म में मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के बारे में दिखाया जाएगा। मेजर संदीप एक बहादुर एनएसजी कमांडो थे, जिन्होंने लोगों की जान बचाने के दौरान आतंकी हमले में अपनी जान गंवा दी थी। फिल्म में उनके मेजर बनने तक के सफर के साथ ही उनकी लव स्टोरी भी दिखाई जाएगी। इस

फिल्म का निर्माण साउथ सुपरस्टार महेश बाबू के प्रोडक्शन हाउस में हुआ है और निर्देशन शशि किरण सिक्का ने किया है। वहीं, फिल्म में अदिवी शेष, प्रकाश राज, शोभिता और सई मांजरेकर और रेवती मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को हिंदी और तेलुगू में रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की जानकारी अदिवी शेष ने भी ट्विटर पर दी है। फिल्म का ट्रेलर 9 मई को रिलीज किया जाएगा।आपको बता दें कि फिल्म पहले 2 जुलाई 2021 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी, लेकिन देश में बढ़ते कोरोना के मामलों के चलते इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया था। वहीं, फिल्म के ट्रेलर को भी 28 मार्च 2021 को मुंबई में रिलीज किया जाना था, जो हो नहीं पाया। अब आखिरकार फिल्म थिएटर में रिलीज के लिए तैयार है।

- लूट-खसूट खेल बंद नहीं हो रहा है
- शव लेकर पहुंचने वाले लोगों की जेब हो रही ढीली
- 200 रूपए की रसीद भी नहीं मिल रही

## शव का सौदा : दो पुलिस कर्मियों से भी लिया गया पैसा

# नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल अस्पताल की मर्चुरी में लाश रखने के 200 रुपए

**जबलपुर, यशभारत। नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल अस्पताल में लूट-खसूट खेल बंद नहीं हो रहा है। इलाज के नाम पर मरीज के परिजनों की जेब ढीली होना सुना था लेकिन यहां तो हद हो गई मुर्चरी में कुछ समय के लिए लाश रखने के 200 रूपए मांगे जा रहे हैं।**

इसका खुलासा उस वक्त हुआ जब लार्डगंज-अधारताल थाने में पदस्थ दो पुलिस कर्मी अपने परिचित का शव लेकर मेडिकल मुर्चरी पहुंचा था। मुर्चरी में काम कर रहे कर्मचारियों ने पुलिस कर्मी से 200 लेने के बाद ही शव कुछ देर के लिए पीएम रूम में रखा।



फ्रीजर में रखा गया।



### फ्रीजर में लाश रखने लगते हैं पैसे

बताया जा रहा है कि मर्चुरी तैनात में कर्मचारी फ्रीजर में कुछ देर के लिए लाश रखने 200 रूपए सभी से लेते हैं। बीते दिनों लार्डगंज और अधारताल के दो पुलिस कर्मी एक शव का पीएम कराने मेडिकल अस्पताल की मर्चुरी पहुंचे थे जहां पर दोनों पुलिस कर्मियों से 200-200 रूपए लेने के बाद ही शवों को

### सालों से लूट-खसूट चल रही है

अधारताल निवासी जय ठाकुर ने बताया कि परिचित की मौत हो जाने पर पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज की मर्चुरी पहुंचा था। यहां डॉक्टर आने में देरी थी इस वजह से कर्मचारियों ने शव को फ्रीजर में रखने के लिए 200 रूपए मांगे नहीं दिए तो आधा घंटे तक शव को बाहर ही रखा गया। कुछ देर बाद जब 200 रूपए दिए गए तो कर्मियों ने शव को फ्रीजर में रखा।

### शराब की बोतल से भी चल जाता है काम

बताया जा रहा है कि जिनके पास मुर्चरी के फ्रीजर में शव रखाने के लिए 200 रूपए नहीं होते हैं तो वह पीएम करने वाले कर्मियों को दारू की बोतल लाकर देते है जिसके बाद कर्मी आसानी से फ्रीजर में शव को रख देते हैं।



# धर्मशास्त्र विधि विवि की जमीन पर खोल लिया था पोल्ट्रीफार्म

## रांझी के पिपारिया में 2.58 करोड़ की जमीन कब्जा मुक्त



**जबलपुर , यशभारत।** शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मुहिम के तहत जिला प्रशासन ने आज पुलिस और नगर निगम के सहयोग से रांझी तहसील के अंतर्गत ग्राम पिपरिया में कार्यवाही कर करीब 86 हजार वर्ग फुट भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया है ।

कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी के निर्देशानुसार तहसीलदार रांझी श्याम नन्दन चंदेले के नेतृत्व में की गई इस कार्यवाही में जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया । तहसीलदार रांझी के अनुसार धर्मशास्त्र विधि विश्वविद्यालय को आबंटित की गई खसरा नम्बर 294/1, 294/2, 294/3 की इस भूमि पर अजय पाँडे पिता श्रीकृष्ण पाँडे निवासी पिपरिया द्वारा करीब पाँच से छह वर्ष पूर्व पोल्ट्री फार्म एवं कमरा बना कर कब्जा कर लिया गया था । उन्होंने बताया कि अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई इस भूमि का बाजार मूल्य करीब 2 करोड़ 58 लाख रुपये है । अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में सीएसपी रांझी, थाना प्रभारी घमापुर, नायब तहसीलदार आकांक्षा चौरसिया, नगर निगम अतिक्रमण दस्ते के बृजकिशोर तिवारी भी मौजूद थे ।

# माढ़ोताल में गांजा तस्कर को पुलिस ने दबोचा

## पाटन बायपास में खुलेआम परोस रहा था नशा, आरोपी गिरतार

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल की मुस्तैद पुलिस ने पाटन बायपास में खुलेआम गांजा बेंच रहे तस्कर को दबोचकर 15 हजार का माल बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी से पुलिस गैंग के गुर्गों के संबंध में कड़ी पूछताछ कर रही है।



जानकारी अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक रीना पांडे शर्मा ने बताया कि सूचना मिली की पास पाटन रोड में तस्कर गांजा बेंच रहा है। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर गरीबदास वर्मन पिता स्व.बद्रीप्रसाद वर्मन 52 वर्ष निवासी राजीव गाँधी नगर माढ़ोताल को दबोचा गया। जिससे थैले की तलाशी ली गई जिसके अंदर खाकी सफेद रंग की पैकेट में 800 ग्राम मादक पदार्थ गाँजा कीमत 15 हजार पाया गया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जावेगा । कार्रवाई मे थाना प्रभारी माढ़ोताल निरीक्षक रीना पांडे शर्मा, उपनिरी नीलेश पोते, उपनिरी नीलेश झारिया, आरक्षक रामभरोस साहू, आरक्षक शशिप्रकाश, आरक्षक संतोष की सराहनीय भूमिका रही।

## जख्म के निशान नहीं, मामला संदिग्ध

# रानीताल चौराहे में मिट्टी से सनी हुई लाश मिलने से हड़कंप

**जबलपुर, यशभारत। यादव कॉलोनी चौकी अंतर्गत रानीताल चौराहे में दरमियानी रात एक युवक की मिट्टी से सनी हुई लाश मिलने से हड़कंप मच गया।**

बताया जाता है कि आरोपियों ने पहले युवक से मारपीट कर उसे मिट्टी में गढ़ाया, लेकिन फिर बाद में शव को बीच चौराहे में फेंककर फरार हो गए। अब पुलिस आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगालने में लगी है। चौकी प्रभारी दिनेश गौतम ने बताया कि



रानीताल चौराहे में एक युवक का शव बरामद किया गया है। जिसकी उम्र करीब 33 साल है। आसपास पूछताछ के बाद भी युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जिसके बाद जिले के सभी थानों में युवक का फोटो भेजा गया है, ताकि युवक की पहले शिनाख्त हो फिर मामले की जांच की जाएगी। फिलहाल शव पीएम हेतु भेजते हुए मर्ग कायम किया गया है। वहीं, बताया जा रहा है कि युवक का शव जिस तरह से मिट्टी से सना हुआ है, उस लिहाज से मामला संदिग्ध है। जिसकी बारीकी से पड़ताल जारी है।

C.B.S.E. AFFILIATED ENGLISH MEDIUM CO-ED DAY CUM RESIDENTIAL SR. SECONDARY SCHOOL
22nd Summer Course
1st May to 20th May | 7 am to 1 pm
GYAN GANGA INTERNATIONAL SCHOOL
ADMISSIONS OPEN
FOR FEW VACANT SEAT (Class Nursery to 9th & 11th)
Bypass Junction Near Dhanwantri Nagar Jabalpur (M.P.)
Helpline No. 07489933431 / 32 07489933433 / 34
www.gyanganga.ac.in

28वीं पुण्यतिथि
आपके साथ बीता हर लम्हा हमें याद है।
आपके ही कारण श्याम बैण्ड परिवार आबाद है।।
श्रद्धासुमन समर्पित
अंतर्राष्ट्रीय श्याम बैंड
स्व. ईश्वरी प्रसाद जी
100, सार्डगंज, श्याम बैंड गली, जबलपुर Ph: 0761-4065888, 2405410
9993665105, 9827095800
9827042244 8878348882 9644999983

तुम जियो हजारों साल
मास्टर अभय शर्मा
11 वीं वर्षगांठ पर आशीर्वाद
राजेन्द्र शर्मा, रीता शर्मा (बड़े पापा, बड़ी मम्मी), दादा-दादी, नाना-नानी, छोटे बड़े पापा-बड़ी मम्मी, मामा-मामी, बुआ- फुफा, मुस्कान दीदी, आकाश, करन, पलक, अभिनव, आदर्श, अंजली-मुस्कान (मौसी) छोटे चाचा
यश भारत परिवार की तरफ से बधाई

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

R.O. WATER बर्फ से निर्मित
नीबू सोडा, शिकंजी, मसाला छाछ, लस्सी, आईसक्रीम, कोल्ड काफी, मिल्क शेक
आईस बर्फ गोला
सांची कूल जोन
एकता चौक विजय नगर,मो. 7974758785

प्रथम पुण्यतिथि 04-05-2022
चिट्ठी न कोई संदेश जाने वो कौन सा देश जहां तुम चले गये
प्रथम पुण्यतिथि पर हम सब परिवारजन अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते है
अभिषेक पांडे मिंटू
- शोकाकुल परिजन-
सरोज पांडे मां, विजेता पांडे पत्नि,आयांश पांडे पुत्र,आशीष पांडे (चिंटू)-रितु भैया भाभी,आराधना- राजेंद्र तिवारी,उपासना-विनोद तिवारी,अर्चना- नितिन गौतम दीदी-जीजाजी,सचित,पारुल, पलक,अर्चिता भांजे भांजी,श्रेया श्रेयांश,मंगल कृषि केंद्र पिपरिया

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS OF EXPERT HEALTHCARE | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24/7 Emergency & Pharmacy
Emergency No. 95758 01020
www.shalby.org

माँ शक्ति
एकवा आरो सिस्टम
सभी प्रकार के आरो सैल्स एवं सर्विस के लिए सम्पर्क करें :
मो.- 9074629210
पता- शंकर नगर करमेता, जबलपुर

यश भारत NEWS
चैनल का प्रसारण अब इन सेटअप बॉक्स में भी
हेतवे - 598
डिजीयाना - 122
यूसीएन - 81
रहें खबरों से अपडेट

NALANDA PUBLIC SCHOOL
Senior Secondary Co-Ed, English Medium School
An ISO 9001:2015 Certified School
Career growth with passion for success and determination for thinking
11 Acres Lush Green Campus
Dhanwantri Nagar, Jabalpur (M.P.) 482002
Tel.: 0761-2673823
E-mail: nalanda 2004@ gmail.com.
www.nalandapublic school.co.in
Admission Open For -2022-23
CBSE Affiliation No. 1030288, School No. 14143

CARE HOSPITAL
MULTI SPECIALITY HOSPITAL
करमेता, कटंगी रोड, जबलपुर (म.प्र.) फोन:0761-4700480
24x7 आकस्मिक सेवा उपलब्ध
आयुष्मान कार्डधारकों का इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
विभाग
मेडिसिन विभाग, छाती रोग विभाग, जनरल सर्जरी विभाग, न्यूरो एंड स्पाईन सर्जरी विभाग, कान, नाक, गला विभाग, शिशु रोग विभाग, कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, अस्थि रोग विभाग, स्त्री रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, मूत्र एवं गुर्दा रोग विभाग, प्लास्टिक एवं बर्न सर्जरी विभाग, दंत रोग विभाग, डायलिसिस
मल्टी स्पेशलिटी
मेडिसिन, जनरल सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, नाक, कान, गला, डायलिसिस, पॉइजन यूनिट, रेडियोलॉजी विभाग, पैथोलॉजी विभाग, ट्रामा यूनिट, फेक्चर एवं अस्थि रोग, न्यूरो सर्जरी, डिजिटल एक्स-रे, 2D ईको, सोनोग्राफी, कलर डॉप्लर

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
फ्रुट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →रोस्टेट ड्राई फ्रूड →बकेट टोस्ट →केला जिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेज →बिस्केट →फुल्की →रोस्टेट पीनट
Pure & Tasty AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

ANSHU HEART AND HORMONE SUPERSPECIALITY CLINIC
Keep your heart in rhythm and hormones in balance
हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ए.ए. अंसारी (MD Medicine), (DM Cardiology)
डायबिटीज एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्पणा सोनी (MD Medicine), (DM Endocrinology)
उपलब्ध सुविधाएं
ईसीजी, इको, टीएमटी
हृदय संबंधी बीमारियों का इलाज
बच्चों में कद संबंधी समस्या
महिलाओं में अनियमित महावारी
अनचाहे बाल मीनोपॉज सिम्टम्स
अन्य हार्मोनल डिसऑर्डर से संबंधित इलाज
सभी प्रकार के डायबिटीज एवं थायराइड डिसऑर्डर
पैथोलॉजी सुविधा उपलब्ध है
दीनदयाल चौक, इंडियन कॉफी हाउस के पीछे, विजय नगर, जबलपुर मो: 9098724021

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )